● जयपुर, गुरुवार 26 दिसंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 128 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

"सत्य को हज़ार तरीक़ों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

● **स्वामी विवेकानंद**

पेज @3 एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की सूचना पर उदयपुर...

पेज @4 मैक्स शेखावाटी रत्न सम्मान समारोह सम्पन्न...

पेज @8 राजस्थान की प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर खुलेंगे "अटल ज्ञान केंद्र": मुख्यमंत्री...

# दो लाख पैक्स बनाये जाएंगे : शाह

**नयी दिल्ली । एजेंसी**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को नयी दिल्ली में 10 हजार नवगठित बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों का उद्घाटन किया। इस मौके पर अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहकार से समृद्धि के मंत्र को चरितार्थ करने के लिए हर पंचायत तक सहकारिता पहुंचानी है और इसके लिए पैक्स की पहुंच हर गांव तक सुनिश्चित की जा रही है। अमित शाह ने कहा कि हर पंचायत में किसी न किसी रूप में सहकारिता काम करे और हमारे देश के त्रिस्तरीय सहकारी ढांचे को अगर कोई सबसे ज्यादा ताकत दे सकता है तो वो हमारी प्राथमिक सहकारी समितियां ही दे सकती हैं और इसलिए हमने पहला निर्णय लिया कि दो लाख पैक्स बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद हमने सभी पैक्स के कंप्यूटरीकरण का काम किया है। इसके आधार पर 32 प्रकार की नई–नई गतिविधियों को जोड़ा गया है। हमने पैक्स को बहुआयामी बनाया। उन्हें भंडारण, खाद वितरण, गैस वितरण, जल वितरण से जोड़ा। ये सामुदायिक सेवा केंद्र भी बने और रेलवे और एयरलाइन की बुकिंग भी गांव से ही हो सकती है और कई सुविधाओं को हमने पैक्स से जोड़ा है।



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी 100वीं जयंती पर याद करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वाजपेयी ने भारत को आणविक शक्ति देने के साथ ही कारगिल युद्ध में विजय दिलाई। उन्होंने आदिवासी समुदाय के लिए एक अलग मंत्रालय बनाया। शाह ने कहा कि जब देश में बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता नहीं दी जा रही थी, तब उन्होंने स्वर्णिम चतुर्भुज मार्ग की शुरुआत की। देश के सभी गांवों को राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़ने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना शुरू की। पहली बार देश की सभी भाषाओं को महत्व देकर भाषाओं के लंबे जीवन के लिए संरेखित प्रयास किया।

- **अमित शाह ने 10 हजार नवगठित बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों का किया उद्घाटन**
- **हर गांव तक सुनिश्चित की जा रही है पैक्स की पहुंच**

## नक्सलवाद से निपटने में सीआरपीएफ ने किया सराहनीय कार्य : अमित शाह

### सीआरपीएफ के परिचालन और प्रशासनिक प्रदर्शन की समीक्षा

**नयी दिल्ली । एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने नक्सलवाद से निपटने, पूर्वोत्तर राज्यों और जम्मू–कश्मीर में शांति एवं स्थिरता बहाल करने में सराहनीय कार्य किया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नयी दिल्ली स्थित सीआरपीएफ मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान गृह मंत्री ने बल के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की और सीआरपीएफ के परिचालन और प्रशासनिक प्रदर्शन की व्यापक समीक्षा की। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव सहित गृह मंत्रालय के अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में आंतरिक सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करने में सीआरपीएफ की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। अमित शाह ने भाषाई एकता को मजबूत करने के लिए बल के दैनिक कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। शाह ने जवानों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए श्री अन्न (मोटे अनाज) के अधिक से अधिक उपयोग पर बल देने के साथ–साथ बेहतर स्वास्थ्य के लिए जवानों से प्रकृति परीक्षण अभियान के अंतर्गत आयुर्वेद के अधिकाधिक उपयोग का भी आह्वान किया।

बैठक के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह ने गृह मंत्री को सीआरपीएफ में अनुकंपा आधारित नियुक्तियों सहित बल के शहीद जवानों के परिवारों के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया।

**न्यूज़ अपडेट**

## हरियाणा में बारिश, कोहरा और शीतलहर का कहर : नए साल की शुरुआत ठंड के साथ

**चंडीगढ़/एजेंसी।** पश्चिमी विक्षोभ के असर से हरियाणा में ठंड का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। पहाड़ों पर लगातार हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में भी साफ दिखाई दे रहा है। मंगलवार रात को हुई बारिश और तेज बर्फीली हवाओं के कारण तापमान में भारी गिरावट आई है। दिसंबर के आखिरी दिनों में पड़ रही इस ठंड का आम जनजीवन पर गहरा असर पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए हरियाणा में येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 25-26 दिसंबर को सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। 27-28 दिसंबर को पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कई जिलों में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। दिन के तापमान में और गिरावट आने से ठंड बढ़ सकती है। खासकर बुजुर्गों और बच्चों को घर के अंदर रहने और गर्म कपड़े पहनने की हिदायत दी गई है। बारिश ने सर्दी का असर बढ़ा दिया है। पिछले दो दिनों में प्रदेश में औसतन 1.8 एमएम बारिश दर्ज की गई है। इससे दिसंबर में अब तक हुई बारिश की 40 फीसदी कमी पूरी हो गई है। हालांकि, एक जनवरी से अब तक 2.2 एमएम बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य से 44 फीसदी कम है। बारिश के कारण किसानों और खुले में काम करने वालों के लिए यह मौसम चुनौतीपूर्ण हो गया है।

हरियाणा के अंबाला, हिसार, रोहतक और कुरुक्षेत्र समेत कई जिलों में घना कोहरा छाया हुआ है।

## अजरबैजान से रूस जा रही थी फ्लाइट, कजाकिस्तान में हो गई क्रैश, 66 लोगों की मौत

**नयी दिल्ली**

अजरबैजान एयरलाइंस की फ्लाइट क्रैश होने का मामला सामने आया है. इस विमान ने बाकू एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी, जिसमें 72 से ज्यादा यात्री सवार थे. इस विमान को रूस के चेचन्या में ग्रोज़्नी जाना था लेकिन ग्रोज़्नी में कोहरे के कारण उसका रूट बदल दिया गया था. कज़ाकिस्तान के आपातकालीन मंत्रालय के हवाले से बुधवार को रिपोर्ट में कहा गया कि कज़ाकिस्तान के अक्तौ शहर के पास 72 से अधिक लोगों को ले जा रहा एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें छह यात्री बच गए, जबकि दर्जनों लोगों के मारे जाने की आशंका है. विमान कथित तौर पर अक्तौ हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ. बाद में यह स्पष्ट हो गया कि इस विमान हादसे में 66 लोगों की मौत हो गई है.

अजरबैजान एयरलाइंस की उड़ान संख्या 8243 के साथ एम्ब्रेयर 190 में चालक दल के सदस्यों सहित 72 लोग सवार थे. बताया गया कि इसे कजाख शहर अक्ताउ से लगभग 3 किलोमीटर दूर आपातकालीन लैंडिंग करने के लिए मजबूर होना पड़ा. कजाकिस्तान में अधिकारियों ने कहा कि संभावित तकनीकी समस्या सहित घटना के कारण का पता लगाया जा रहा है। कजाकिस्तान के आपातकालीन मंत्रालय ने बाद में कहा कि अग्निशमन सेवाओं ने दुर्घटना के बाद लगी आग को बुझा दिया है और बचे हुए लोगों का इलाज पास के अस्पताल में किया जा रहा है.



## अमित शाह ने 10 हजार नवगठित सहकारी समितियों का उद्घाटन किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को नई दिल्ली में 10 हजार नवगठित बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों का उद्घाटन किया। इस मौके पर अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि के मंत्र को चरितार्थ करने के लिए हर पंचायत तक सहकारिता पहुंचानी है और इसके लिए पैक्स की पहुंच हर गांव तक सुनिश्चित की जा रही है।



अमित शाह ने कहा कि हर पंचायत में किसी न किसी रूप में सहकारिता काम करे और हमारे देश के त्रिस्तरीय सहकारी ढांचे को अगर कोई सबसे ज्यादा ताकत दे सकता है तो वो हमारी प्राथमिक सहकारी समितियां ही दे सकती हैं और इसलिए हमने पहला निर्णय लिया कि दो लाख पैक्स बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद हमने सभी पैक्स के कंप्यूटरीकरण का काम किया है। इसके आधार पर 32 प्रकार की नई-नई गतिविधियों को जोड़ा गया है। हमने पैक्स को बहुआयामी बनाया। उन्हें भंडारण, खाद वितरण, गैस वितरण, जल वितरण से जोड़ा। ये सामुदायिक सेवा केंद्र भी बने और रेलवे और एयरलाइन की बुकिंग भी गांव से ही हो सकती है और कई सुविधाओं को हमने पैक्स से जोड़ा है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने एमपी को दी सौगात, केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का किया शिलान्यास

- **ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण एवं अटल ग्राम सेवा सदन का भूमिपूजन**
- **पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की स्मृति में स्टॉम्प और सिक्का भी जारी किया**

**एजेंसी**

**खजुराहो/भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत-रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर मध्य प्रदेश को मध्य प्रदेश को कई सौगातें दी। उन्होंने यहां खजुराहो में आयोजित भव्य कार्यक्रम में देश की पहली महत्वाकांक्षी और बहुउद्देशीय केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होंने देश की पहली ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण एवं 437 करोड़ रुपये की लागत से 1153 नवीन अटल ग्राम सेवा सदन का भूमिपूजन किया। प्रधानमंत्री ने मंच से पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की स्मृति में स्टॉम्प और सिक्का भी जारी किया।



इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को दोपहर करीब एक बजे विशेष विमान से खजुराहो एयरपोर्ट पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा समेत अन्य भाजपा नेताओं ने स्वागत कर उनकी अगवानी की। एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री खुली जीप में सवार होकर बेतवा लिंक परियोजना के शिलान्यास कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। उन्होंने हाथ जोड़कर कार्यक्रम में मौजूद लोगों का अभिवादन किया। मंच पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री मोदी को भगवान राम के बाल काल की मूर्ति भेंट की। सांसद वीडी शर्मा ने पीएम मोदी को अलट की छोटी सी मूर्ति भेंट की। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई ऐतिहासिक केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

**हिंद महासागर क्षेत्र > चीन की लगातार बढ़ती पैठ का मुकाबला करने को नौसेना तैयार**

## नौसेना बेड़े में शामिल होंगे दो स्वदेशी युद्धपोत और पनडुब्बी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की लगातार बढ़ती पैठ का मुकाबला करने को भारत अपनी समुद्री लड़ाकू क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए नौसेना के बेड़े में अगले महीने दो स्वदेशी युद्धपोत और एक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी को शामिल करने के लिए तैयार है। नए युद्धपोतों में सबसे बड़ा निर्देशित मिसाइल विध्वंसक सूरत और स्टील्थ फ्रिगेट नीलगिरि हैं, जो इसी माह नौसेना को सौंपे जा चुके हैं। इस बीच रूस में निर्मित नया युद्धपोत आईएनएस तुशील भी स्वदेश आएगा। नौसेना के बेड़े में शामिल होने वाली वाग्शीर भारतीय नौसेना की छठी और कलवरी श्रेणी की अंतिम पनडुब्बी है।



आईएनएस वाग्शीर का नाम रेत मछली के नाम पर रखा गया है, जो हिंद महासागर में गहरे समुद्र में रहने वाली एक शिकारी मछली है। पनडुब्बी को सभी ऑपरेशन थियेटर में काम करने के लिए डिजाइन किया गया है और यह नौसेना टास्क फोर्स के अन्य घटकों के साथ अंतर-संचालन योग्य है। पनडुब्बी वाग्शीर का विस्थापन 1,600 टन होगा, जिनमें सभी घातक प्रहार के लिए भारी-भरकम सेंसर और हथियार लगे हैं। सूरत और नीलगिरी को पिछले हफ़्ते मुंबई स्थित मझगांव डॉक्स (एमडीएल) ने नौसेना को सौंप दिया था। नौसेना को मिला जहाज 'सूरत' 35 हजार करोड़ रुपये की परियोजना 15 बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक का चौथा और अंतिम है। इससे पहले पिछले तीन वर्षों में इसी प्रोजेक्ट के तीन जहाजों विशाखापत्तनम, मोरमुगाओ और इम्फाल को नौसेना के बेड़े में शामिल किया जा चुका है।

### नौसेना की परिचालन दक्षता में होगा इजाफा

सूरत की डिलीवरी भारतीय नौसेना की स्वदेशी विध्वंसक निर्माण परियोजना का समापन है। इस परियोजना की शुरूआत 2021 में हुई थी। कुल 7,400 टन वजन और 164 मीटर की लंबाई वाला निर्देशित मिसाइल विध्वंसक होने के नाते आईएनएस सूरत शक्तिशाली और बहुमुखी प्लेटफॉर्म है, जो सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, जहाज रोधी मिसाइलों और टॉरपीडो सहित अत्याधुनिक हथियारों और सेंसर से लैस है। इसने अपने समुद्री परीक्षणों के दौरान 30 नॉट्स (56 किमी/घंटा) से अधिक की गति हासिल की है। यह स्वदेशी रूप से विकसित भारतीय नौसेना का पहला एआई सक्षम युद्धपोत है, जो नौसेना की परिचालन दक्षता को कई गुना बढ़ाएगा।

### कलवरी श्रेणी की छठी पनडुब्बी है वाग्शीर

आईएनएस वाग्शीर (एस 26) भारतीय नौसेना के लिए छह कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों के पहले बैच की छठी पनडुब्बी है। यह स्कॉर्पीन श्रेणी पर आधारित एक डीजल-इलेक्ट्रिक अटैक पनडुब्बी है, जिसे फ्रांसीसी नौसेना रक्षा और ऊर्जा समूह नेवल ग्रुप ने डिजाइन किया है और मुंबई के शिपयार्ड मझगांव डॉक लिमिटेड ने निर्मित किया है। इसमें दुश्मन के राडार से बचने, क्षेत्र की निगरानी, खुफिया जानकारी जुटाने, पानी के अंदर या सतह पर एक ही समय में 18 टारपीडो और ट्यूब-लॉन्च एंटी-शिप मिसाइलों के साथ सटीक निर्देशित हथियारों का उपयोग करके दुश्मन पर विनाशकारी हमला करने की क्षमता है।

## हरियाणा के तीन जिलों में भूकंप के झटके, सोनीपत रहा केंद्र

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में बुधवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र बिंदु सोनीपत जिले के गांव कुंडल रहा है। यहां किसी प्रकार के जानि नुकसान का समाचार नहीं है। बुधवार की दोपहर 12 बजकर 28 मिनट पर भूकंप आया। हरियाणा के रोहतक, सोनीपत और पानीपत में तेज झटके महसूस किए गए और लोग घरों से बाहर निकल आए।

नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.5 रही। इसका सेंटर सोनीपत के कुंडल गांव में पांच किलोमीटर गहराई में रहा। रोहतक के सेक्टर-4 समेत अन्य इलाकों में रहने वाले लोगों ने तेज झटकों के बाद एक-दूसरे को अलर्ट किया। कुछ जगहों पर लोग पार्क और खुले स्थानों में जमा हो गए।

सोनीपत से मिली जानकारी के अनुसार गांव कुंडल में चौपाल में बैठे लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए। झटके महसूस होते ही उन्होंने शोर मचाकर लोगों को घरों के बाहर खुले मैदान में एकत्र कर लिया। पशुओं ने भी भूकंप के झटके महसूस किए और कई पशु चिल्लाने लगे। ग्रामीणों ने पशुओं की रस्सी खोलकर उन्हें भी खुले में छोड़ दिया। करीब आधे घंटे बाद स्थिति सामान्य हुई तो लोग पुनः अपने घरों व कामकाज पर लौटे।

# गठबंधन में अकेली होती कांग्रेस

भारत की राजनीति निश्चित ही अनिश्चितता का एक ऐसा खेल है, जिसका सीधा-सा आशय नहीं निकाल सकता। यानी जो दिखता है, वैसा होता नहीं है और जो हो जाता है, वह दिखता नहीं है। इसी कारण से कभी-कभी राजनीति से अविश्वास भी होने लगता है। यह अविश्वास केवल जनता के मन में उपजता है, ऐसा नहीं है, राजनीति के ज्ञाता भी इसकी परिधि में गाहे-बगाहे आ जाते हैं। आज के दौर में कांग्रेस के प्रति भी अविश्वास का भाव लगातार बढ़ता जा रहा है। वर्तमान केंद्र सरकार पर निरंतर हमालवर रहने वाले इंडी गठबंधन के राजनीतिक दल आज स्वयं के लिए अलग मार्ग तलाशते दिख रहे हैं। कोई दल कांग्रेस को भाव देने को तैयार नहीं है, लेकिन समस्या यह है कि कांग्रेस आज भी इस सच को आईने में देखने को तैयार नहीं है।

आज कांग्रेस की सच्चाई यही है कि उसे अपनी विरासत पर ही भरोसा है, इसके अलावा अन्य राजनेता भले ही बड़े पद पर पहुँच जाएं, उन्हें जितना महत्व मिलना चाहिए उतना मिलता नहीं है। वर्तमान में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कमोबेश ऐसी ही स्थिति का सामना कर रहे हैं। वे सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा के समक्ष लगभग नतमस्तक से दिखाई देते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव के नतीजे को कांग्रेस भले अपने लिए सफलता माने लेकिन वह सफलता इसलिए नहीं मानी जा सकती, क्योंकि यह कांग्रेस की स्वयं की राजनीतिक ताकत नहीं थी, इसमें इंडी गठबंधन के दलों का योगदान था। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के नतीजों में विपक्षी दलों को निश्चित ही अपेक्षित सफलता मिली, लेकिन इसे कांग्रेस की सफलता नहीं माना जा सकता। अगर कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी नहीं होती तो कांग्रेस की इतनी सीटें नहीं आती। सत्य यही है कि आज कांग्रेस बिना गठबंधन के आगे बढ़ नहीं सकती लेकिन कांग्रेस के नेताओं का व्यवहार ऐसा है कि वही सबका नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि वास्तविकता में ऐसा नहीं है। इसी कारण इंडी गठबंधन में दरार पैदा करने वाले स्वर भी सुनाई देने लगे हैं। राजनीतिक आकलन किया जाए तो इन स्वरों के यही निहितार्थ निकल सकते हैं कि कांग्रेस के पास इंडी गठबंधन को नेतृत्व देने का सामर्थ्य नहीं है।


प. बंगाल में अपने राजनीतिक कौशल का लगातार परिचय देने वाली तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए व्याकुल दिखाई दे रही हैं। ममता बनर्जी की राजनीति को देखते हुए यही कहा जा सकता है कि वे किसी और के नेतृत्व में काम करने के लिए सहज नहीं हैं। इसलिए उन्होंने यह स्वयं ही कहा है कि अगर कांग्रेस चाहे तो तृणमूल कांग्रेस गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। इसका आशय पूरी तरह से स्पष्ट है कि कांग्रेस में अब नेतृत्व करने की शक्ति नहीं बची है। हर जगह से कांग्रेस को आईना दिखाने का क्रम प्रारम्भ हो चुका है, लेकिन कांग्रेस में तो केवल और केवल इसी बात की राजनीति की जा रही है कि राहुल और प्रियंका को कैसे स्थापित किया जाए। इसी के चलते कांग्रेस अन्य दलों की लगभग अनदेखी-सी करने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस अनेक बार उत्थान और पतन की राजनीति से गुजरी है। लगातार तीन लोकसभा चुनावों में पराजय का दंश झेलने वाली कांग्रेस की विसंगति यही है कि वह केवल विरोध करने की राजनीति ही कर रही है। कांग्रेस के नेताओं का हर बयान मोदी या भाजपा तक ही सीमित है। यह अब कांग्रेस का स्थायी भाव सा बन गया है। इसका मतलब यह भी निकल सकता है कि उनके पास स्वयं की ऐसी कोई उपलब्धि नहीं है, जिसके आधार पर राजनीति की जा सके। अभी हाल ही में प्रियंका वाड्रा ने संसद में कांग्रेस का रटा-रटाया बयान दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि मोदी सरकार संविधान बदलना चाहती है। इसमें कितनी सच्चाई है, यह तो राजनीति करने वाले जानते ही हैं, लेकिन ऐसे बयान इसलिए भी उचित नहीं कहे जा सकते क्योंकि यह बयान अनुमान पर ही आधारित हैं। यह बयान ठोस नहीं हैं। ऐसे बयानों का मतलब सबको समझ में भी आने लगा है। कुल मिलाकर यही कहा जा सकता है कि कांग्रेस की राजनीति आधारहीन होती जा रही है। वास्तव में कांग्रेस को अब समय के हिसाब से प्रासंगिक होना चाहिए।

प्रासंगिकता के अभाव में कांग्रेस को अब वैसा भाव नहीं मिल रहा, जैसा कांग्रेस को चाहिए। अभी हाल ही महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा के चुनाव हुए। जिसमें कांग्रेस को जैसे प्रदर्शन की उम्मीद थी, वैसा परिणाम नहीं रहा। झारखण्ड में गठबंधन को सफलता जरूर मिली, लेकिन इसे कांग्रेस की सफलता नहीं माना जा सकता। महाराष्ट्र में कांग्रेस को बेमेल गठबंधन ले डूबा। यहां भी फजीहत कांग्रेस की हुई। कांग्रेस के समक्ष हालात यह होते जा रहे हैं कि उसे अब तिनके की तलाश करनी पड़ रही है। देश के कई राज्यों में कांग्रेस अपने बूते चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं है। जहां अकेले चलने का प्रयास किया, वहां धड़ाम से नीचे गिर गई। लगातार झटके खाने की आदी होती जा रही कांग्रेस को एक झटका दिल्ली में मिला है। आम आदमी पार्टी के नेता अरविन्द केजरीवाल ने कांग्रेस से दूरी बनाकर यह संकेत दे दिया है कि कांग्रेस का वजूद क्या है। इसके बाद कांग्रेस को स्वयं का आकलन करना चाहिए। लेकिन कांग्रेस ऐसा करने को तैयार नहीं दिखती। कांग्रेस की वर्तमान राजनीतिक स्थिति को देखकर यही कहा जा सकता है कि वह अब इंडी गठबंधन में अलग होती जा रही। कांग्रेस को उसके सहयोगी राजनीतिक दल ही किसी प्रकार का भाव देने की स्थिति में नहीं है। इसलिए कांग्रेस को चाहिए कि वह अपने आपको पिछलग्गू बनने की बजाय ठोस धरातल बनाने की राजनीति करे, नहीं तो एक दिन ऐसा भी आ सकता है कि कांग्रेस को राजनीतिक दल ही नहीं, जनता भी नहीं पूछेगी।

# एक अद्वितीय राष्ट्रभक्त नेता थे अटल बिहारी वाजपेयी!



मनोज कुमार अग्रवाल



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सही मायने में एक अद्वितीय राष्ट्रभक्त शानदार व्यक्तित्व के धनी संवेदनशील कवि पत्रकार और जिनपर विपक्ष को भी विश्वास था ऐसे राजनेता थे। उनसे जो कोई एक बार मिल लेता . उसे वे अपना बना लेते थे। आज अगर वे जीवित होते ती सौ साल के होते। 25 दिसंबर, 1924 को ग्वालियर में जन्मे वाजपेयी जी ने 16 अगस्त 2018 को दिल्ली में अपनी अंतिम सांस ली। 93 साल के जीवन में वे 65 साल पूरी तरह से राजनीति में सक्रिय रहे। उन्होंने अलग तरह की राजनीति की। दिल्ली ही नहीं देश के अनेक हिस्सों में सैकड़ों लोग ऐसे मिल जाएंगे जो अटल जी से जुड़े किस्से सुनाने लगेंगे। अपने निधन से सालों पहले वे बीमार होने के वलते राजनीति से दूर हो गए थे, बावजूद इसके उनके सरकारी आवास पर उनसे मिलने वालों का तांता लगा रहता था।

यह जानकर लोगों को आश्चर्य होगा कि प्रधानमंत्री रहते हुए उनसे जो नेता सबसे ज्यादा मिलने जाते थे, उनमें एक नाम उनके भारी राजनीतिक विरोधी भाकपा महासचिव इन्द्रजीत गुप्त का था। उनके मित्रों की सूची में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला का नाम प्रमुख था। देश में कांग्रेस की सरकार थी और देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए विपक्ष के नेता रहे अटल जी की अगुवाई में तब के विदेशमंत्री संयुक्त राष्ट्र गए थे। उन्हें देखकर पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल के पसीने छूट गए थे। 1999 के लोकसभा चुनाव में अटल जी लखनऊ और गुजराति के गांधीनगर से चुनाव लड़ रहे थे। लखनऊ में उनके सामने समाजवादी पार्टी ने फिल्म अभिनेता राज बब्बर को चुनाव लड़वाया। एक व्यवसायी जो एक मीडिया घराना भी चलाते थे. अटल जी को हराने के लिए हर प्रयास कर रहे थे। चुनाव में अटल जी की भारी जीत हुई। वे प्रधानमंत्री बने। कोई और होता ती उस व्यवसायी को परेशान करता। प्रधानमंत्री बनने के बाद अटल जी ने उनको समय देकर उनसे मुलाकात की। उसी मीडिया संस्थान के एक पत्रकार उनके साथ गांधीनगर गए हुए थे। गुजरति के ता के मुख्यमंत्री सुरेश मेहता ने अटल जी को खुश करने के लिए उस व्यवसायी के खिलाफ खिलाफ मुकदमा कायम करवाया था। अटल जी की चिंता उनके साथ गए उस मीडिया घराने के पत्रकार के नौकरी की थी। उन्होंने इसकी जिम्मेदारी साथ गर दूसरे वरिष्ठ पत्रकार को दी। दिल्ली के अपने मित्र कांग्रेस नेता जग प्रवेश चन्द्र के अनुरोध पर उन्होंने एक विधायक को सदस्यता बचाई। अपनी विचारधारा के प्रति वे समर्पित थे। 1996 में उनकी सरकार केवल 13 दिन में चली गई। 27 मई 1996 को संसद में उन्होंने कहा। कि सरकार बचाने के लिए वे विचारधारा से समझौता नहीं कर सकते। 1998 में वापस उनकी सरकार बनी जो 13 महीने चली और 1999 में बनी सरकार ने अपना पोंचे साल का कार्यकाल पूरा किया। उन्होंने 24 दलों के साथ मिलकर ऐतिहासिक सरकार चलाई और रिकार्ड काम किए। देश को चारों दिशाओं से जोड़ने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज सड़क परियोजना बनी। 1998 में पोखरण में पांच परमाणु परीक्षण किए गए। उससे यखापत्र पाकिस्तान में कारगिल में हमला किया तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया गया। बावजूद इसके उन्होंने पाकिस्तान से रिश्ते सुधारने की हर संभव प्रयास किया।

दिल्ली से खुद प्रमुख नागरिकों के साथ बस से लाहौर की यात्रा की। उनकी कोशिश नवाज शरीफ का तख्तापलट होने और जनरल परवेज मुशर्रफ के अड़ियल रवैये से सफल नहीं हो पाई। पहले गैर कांग्रेसी नेता के रूप में उन्होंने बतौर प्रधानमंत्री छह साल का कार्यकाल पूरा किया। वे कहा करते थे कि भारत को लेकर मेरी एक दृष्टि है-ऐस भारत जो भूख, भय. निरक्षरता और अभाव से मुक्त हो। मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अटल जी की सोच को उन्नत तरीके से बढ़ाने में लगे हुए हैं। अटल जी को देश के अनेक हिस्सों में सम्मानित किया जाता रहा। 1992 में उन्हें पद्म विभूषण और 2015 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। अटल जी न केवल लोकप्रिय नेता थे बल्कि कवि लेखक पत्रकार भी थे र भी थे। उन्होंने अपना सार्वजनिक जीवन पत्रकार के नाते शुरू किया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ कर राष्ट्रधर्म, पाराजन्य और वीर अर्जुन में पत्रकारिता की। 1951 से ही जनसंघ के स्थापना काल से जुड़े। संस्थापक डॉक्टर शवामा प्रसाद मुखर्जी के सहायक बने। फिर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सहयोगी बने। 1968 से 1973 तक जनसंघ के अध्यक्ष रहे। 1974 में जनसंघ का जनता पार्टी में विलय हुआ। 1980 में भारतीय जनता पार्टी बनी ती उसके अध्यक्ष बने। वे पहली बार 1957 में उत्तर प्रदेश के बलरामपुर से सांसद बने। 10 बार लोकसभा और दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे। वे उत्तर प्रदेश के अलावे गुजरति, मध्य प्रदेश और दिल्ली से लोक सभा के सांसद रहे। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने उनसे प्रभावित होकर कहा था कि एक दिन वे देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उनके भाषण को सुनने के लिए देश के हर कोने में लोग देररति तक मीलों यात्रा कर-के आते थे। लॉक जनशक्ति पार्टी के नेता रामविलास पासवेन ने संसद में अटल जी के भाषणों का किस्से सुनार थे। अटल जी को राजनीति की जमीनी समझ भी गजब की थी। आपतिकाल के बाद इंदिरा गांधी को चुनाव के लिए तैयार करवाने वालों में अटल जी प्रमुख थे। उन्होंने जय प्रकाश नारायणा और संघ नेताओं को विश्वास में लेकर ओम मेहता से इंदिरा गांधी पर चुनाव करवाने के लिए दबाव डलवाया। उन्हें पता था कि वे हारेंगी लेकिन उनके समर्थकों ने उन्हें बेहद लोकप्रिय बताकर चुनाव करवाने के लिए उन्हें तैयार किया। इसके चलते देश की राजनीति बदली। जनता पार्टी सरकार के विदेश मंत्री के नाते पहली बार अटल जी ने संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण दिया। वे कार्यकताओं को खूब महत्व देते थे। हर रोज एक घंटा उनसे बिना पूर्व समय लिए कार्यकर्ता मिल सकते थे। किसी कार्यो के निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हर समय तत्पर रहते थे। उनके प्रधानमंत्री रहते हुए विजय गोयल प्रधानमंत्री कार्यालय का मंत्री रहने के चलते उनके काफी करीबी रहे। वे कहते हैं कि अटल जी सही मायने में राष्ट्र पुरुष थे। लंबे समय तक सांसद, मंत्री और प्रधानमंत्री रहने के बावजूद वे आजविन फक्कड़ रहे। शुरूआती दिनों के उनके साथी और लोकप्रिय कवि, गीतकार गोपाल दास नीरज ने एक बार संस्मरण सुनाया था कि वे अटल जी के साथ आगरा किसी कवि सम्मेलन में गए। रेलगाड़ी लेट होने से वे सम्मेलन स्थल पर तब पहुंचे. जब आयोजन समाप्त हो चुका था। उन्होंने नीरज को तांगे का किराया देने को कहा ती उन्होंने पैसा होने से इनकार कर दिया। फिर वै आगरा में रहने वाली अपनी बहन के घर गए और उनसे मांगकर तोंगे का किराया दिया। वे आजीवन अविवाहित रहे।

उन्होंने देश को अपना परिवार माना और खुद अपनी मुंहबोली बेटी के साथ जीवन का अंतिम समय बिताया। देश के विभिन्न हिस्सों और लाल किले पर दिए भाषणों के अंश आज भी अनेक लोग दुहराते मिल जाएंगे। उनकी कविताएं बेहद लोकप्रिय हैं। उन्हें देश और दुनिया में लंबे समय तक लोकतंत्र से जुड़े हर मामले में याद किया जाता रहेगा और उनका उदाहरण दिया जाता रहेगा।

# यह संसार कागज की पुड़िया, बूंद पड़े घुल जाना है, रहना नहीं देश वीराना है



विनय कुमार तिवारी



संसार के अस्थायित्व को समझने के लिए यह पंक्ति अपने आप में पूरी तरह पर्याप्त है। यह जीवन के असली अर्थ और इसके क्षणभंगुर स्वरूप को सरल और प्रभावी शब्दों में प्रकट करती है। जीवन, जिसे हम अक्सर स्थायी मानते हैं, वास्तव में उतना ही नश्वर और अस्थिर है जितना कि कागज की वह पुड़िया, जो नमी पड़ने पर घुल जाती है। यह संसार एक ऐसा मंच है, जहां हर व्यक्ति अपने हिस्से का अभिनय करके अंततः मंच से विदा लेता है। इस विचार पर आधारित यह आलेख जीवन और संसार की अस्थिरता, इसकी वास्तविकता और हमारे अस्तित्व के उद्देश्य को गहराई से समझने का प्रयास करेगा। जीवन के क्षणभंगुर होने का बोध हर व्यक्ति को किसी न किसी मोड़ पर होता है। यह बोध कभी किसी अपने के खोने से, कभी अपनी उपलब्धियों के महत्वहीन हो जाने से, तो कभी समय के तेज प्रवाह को देखकर होता है। हमारा जीवन और यह संसार एक चक्र के समान है, जहां सब कुछ लगातार बदलता रहता है। कागज की पुड़िया की तरह, जो जितनी हल्की और कमजोर होती है, उतनी ही जल्दी समाप्त हो जाती है, हमारा जीवन भी नाजुक और परिवर्तनशील है। इस संसार की अस्थिरता को समझने के लिए प्रकृति के नियमों को देखना पर्याप्त है। दिन और रात का परिवर्तन, ऋतुओं का चक्र, जन्म और मृत्यु, इन सभी में बदलाव ही एकमात्र स्थायी सत्य है। यह संसार किसी भी वस्तु, व्यक्ति या भावना के स्थायित्व का वादा नहीं करता। हम इसे स्थायी मानने की भूल करते हैं और यहीं से हमारी समस्याओं की शुरुआत होती है। यह समझना आवश्यक है कि यह जीवन एक यात्रा है, जहां रुकने का कोई ठिकाना नहीं है। इस संसार की नश्वरता और क्षणभंगुरता को समझना जीवन की गहराई को महसूस करने का पहला कदम है। जब हम इस सच्चाई को स्वीकार करते हैं कि यह संसार केवल एक अस्थायी पड़ाव है, तो हमारी सोच में एक गहरा परिवर्तन होता है। जीवन के प्रति हमारी दृष्टि और व्यवहार में स्पष्टता और स्थिरता आती है। संसार को कागज की पुड़िया मानने का अर्थ यह नहीं है कि इसे महत्वहीन समझा जाय, बल्कि यह समझा जाय कि यह केवल एक माध्यम है, एक साधन है, जिससे हमें अपने वास्तविक लक्ष्य तक पहुंचने में सहायता मिलती है। भारतीय दर्शन में संसार को माया कहा गया है। माया का अर्थ है वह जो दिखती तो है, लेकिन उसका कोई स्थायी अस्तित्व नहीं है। यह संसार माया के भ्रम से भरा हुआ है। हम अक्सर इस भ्रम में पड़ जाते हैं कि हमारे पास जो भौतिक सुख-संपत्ति है, वह हमें स्थायी खुशी देगी। लेकिन जब यह चीजें हमारी पकड़ से छूटने लगती हैं, तो हमें उनके अस्थायित्व का अहसास होता है। यह समझने के लिए गीता में भगवान कृष्ण के उपदेश महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा है कि यह संसार और इसमें होने वाली हर चीज परिवर्तनशील है। जो आज है, वह कल नहीं रहेगा, और जो कल होगा, वह परसों बदल जाएगा। जब हम इस सच्चाई को समझने लगते हैं, तो हमारे जीवन में एक गहरी शांति का अनुभव होता है। यह अहसास कि सब कुछ क्षणभंगुर है, हमें अपनी इच्छाओं, अपेक्षाओं और दुखों से मुक्ति दिलाने में मदद करता है। जब हम संसार को कागज की पुड़िया के रूप में देखते हैं, तो हम इससे अत्यधिक आसक्ति नहीं रखते। इसका अर्थ यह नहीं है कि हम संसार और इसके सुखों का त्याग कर दें, बल्कि यह है कि हम इसे उसकी वास्तविकता के साथ स्वीकार करें।यह विचार न केवल आध्यात्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि हमारे व्यवहारिक जीवन में भी इसका गहरा प्रभाव पड़ता है। जब हम यह समझ लेते हैं कि जीवन अस्थायी है, तो हम अपने रिश्तों, अपने कार्यों और अपनी आकांक्षाओं को एक संतुलित दृष्टिकोण से देखने लगते हैं। हम छोटी-छोटी बातों पर परेशान नहीं होते और न ही अनावशयक इच्छाओं में उलझते हैं। हमारी प्राथमिकताएं स्पष्ट हो जाती हैं और हम उन चीजों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो वास्तव में मायने रखती हैं। इस संसार की अस्थायित्वता का अर्थ यह भी है कि हमें इसे बेहतर बनाने के लिए अपने हिस्से का प्रयास करना चाहिए। जब हम जानते हैं कि हम यहां स्थायी रूप से नहीं रहेंगे, तो हमारे अंदर एक गहरी कृतज्ञता का भाव उत्पन्न होता है। हम दूसरों के साथ सहानुभूति और करुणा से पेश आते हैं। हमारे लिए भौतिक चीजें महत्वहीन हो जाती हैं और हम आत्मा के शुद्धिकरण और सच्चे आनंद की खोज में लग जाते हैं।कवि कबीर ने इस विचार को अपने दोहों में बार-बार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है, "माटी कहे कुम्हार से, तू क्या रौंदे मोहि। एक दिन ऐसा आएगा, मैं रौंदूंगी तोहि।" यह पंक्ति जीवन की अस्थिरता और इसके नाशवान स्वरूप को सरल शब्दों में प्रस्तुत करती है। मनुष्य, जो अपने भौतिक जीवन में इतना खोया हुआ है, यह भूल जाता है कि एक दिन वह भी इस संसार से विदा लेगा। जीवन के इस क्षणभंगुर स्वरूप को समझने का अर्थ यह नहीं है कि हम इसे निराशा की दृष्टि से देखें। बल्कि यह समझ हमें प्रेरणा देती है कि हम अपने जीवन को अधिक अर्थपूर्ण और उपयोगी बनाएं। जब हमें यह पता होता है कि हमारे पास सीमित समय है, तो हम इसे व्यर्थ की बातों में नहीं गंवाते। हम अपने हर दिन को, हर क्षण को जीने का प्रयास करते हैं।"रहना नहीं देश वीराना है" इस पंक्ति में यह संदेश छिपा हुआ है कि यह संसार हमारा स्थायी निवास स्थान नहीं है। यह केवल एक मार्ग है, एक यात्रा है, जो हमें हमारी आत्मा के वास्तविक उद्देश्य की ओर ले जाती है। यह जीवन केवल उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि हम इसे अपने कर्मों और विचारों से बनाते हैं। यह संसार कागज की पुड़िया है, इस विचार को अपनाने से हमें अपने जीवन के प्रति एक नया दृष्टिकोण मिलता है। यह हमें सिखाता है कि जीवन को हल्के में न लें, इसके अस्थायित्व को भी समझें। यह संतुलन ही हमें एक शांत, सार्थक और आनंदमय जीवन जीने में मदद करता है। इस प्रकार यह पंक्ति केवल एक साधारण कथन नहीं है, बल्कि जीवन की एक गहन सच्चाई है, जो हमें अपनी वास्तविकता और उद्देश्य को पहचानने का अवसर प्रदान करती है। इसे आत्मसात करते हुए हमें अपने जीवन को ऐसे जीने का प्रयास करना चाहिए कि जब हम इस संसार से विदा लें, तो हमारे पीछे अच्छाई, प्रेम और सकारात्मकता का प्रभाव शेष रहे।

# सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल या लूट का अड्डा



निर्मल रानी

वैसे तो 2012 में प्रसारित किये गये आमिर खान के प्रसिद्ध व लोकप्रिय धारावाहिक 'सत्यमेव जयते' में भारतीय स्वास्थ्य सेवाओं में व्याप्त धांधली व लूट जैसे अति गंभीर विषय को अत्यंत प्रभावी रूप से उठाया जा चुका है। इस में प्रमाणिक तरीके से यह बताया गया था कि किस प्रकार डॉक्टर्स द्वारा मरीजों को बिना जरुरत के दवाइयाँ दी जाती हैं और किस तरह मरीजों का गैर जरूरी इलाज किया जाता है। इसमें कई ऐसे उदाहरण पेश किये गये थे जिससे यह साबित होता है कि स्वास्थ्य सेवाओं में किस तरह की धांधलियां हो रही हैं। 'सत्यमेव जयते' में यह भी दिखाया गया था कि आंध्र प्रदेश के एक गाँव में बड़ी संख्या में महिलाओं की बच्चेदानी (गर्भाशय) निकाल दिया गया, जबकि इसकी जरुरत ही नहीं थी। डॉक्टर्स द्वारा महिलाओं को यह बताया गया था कि अगर उन्होंने ऑप्रेशन नहीं करवाया तो उनकी जान चली जाएगी। जब कि इस कार्यक्रम में भाग ले रही एक सीनियर डॉक्टर का कहना था कि कैंसर के अलावा कोई और मामला नहीं होता जिसमें गर्भाशय को निकालना पड़े। इसी मंच पर यह भी बताया गया था कि कई बार मरीजों से दवाओं की कीमत पचास गुना ज्यादा तक वसूली जाती है। तरह तरह के गैर जरूरी फर्जी टेस्ट करने के लिए मरीज पर दबाव बनाने जैसी अनेक बातें भी सामने आयी थीं। यहाँ तक कि सत्यमेव जयते में डॉक्टरों के व्यवसाय से लेकर मेडिकल कॉलेजों तक सभी पर निगरानी रखने वाली संस्था मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) की गड़बड़ियों पर भी चर्चा की गई थी। परन्तु 'सत्यमेव जयते' द्वारा भारतीय चिकित्सा व्यवस्था में व्याप्त घोर भ्रष्टाचार व लूट के उजागर होने के बावजूद गत 12 वर्षों में इसमें कोई सुधार तो बिल्कुल नहीं आया,हाँ लूट खसोट में और अधिक इजाफा जरूर हो गया है। और भारतीय चिकित्सा व्यवस्था में व्याप्त यह लूट अब इस हद तक पहुँच चुकी है जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। सीधे शब्दों में मरीज को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ देने के बारे में तो कतई नहीं बल्कि उससे कितने अधिक से अधिक पैसे वसूले जा सकते हैं सारा ध्यान व अस्पतालों का सारा चक्रव्यूह इसी तरीके से रचा जा रहा है। और ऐसा हो भी क्यों न ? जब सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल, फार्मा और हेल्थकेयर कम्पनीज द्वारा सत्ता को चुनावी बांड के रूप में इतने पैसे दे दिए जायें कि उनकी हर तरह की लूट पर सरकारें खामोश रहें? गौरतलब है पिछले दिनों जब सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर इलेक्टोरल बांड सार्वजनिक किये गए थे उन्हीं चुनावी बॉन्ड के आंकड़ों से पता चला था कि देश की कम से कम 30 फार्मा और हेल्थकेयर कंपनियों ने 5 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के चुनावी बॉन्ड खरीदे थे जो कुल मिलाकर लगभग 900 करोड़ रुपये है। यह




कुल 12,155 करोड़ रुपये की राशि का लगभग 7.4% है, जिसके लिए डेटा जारी किया गया था। नतीजतन आज सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल,फार्मा और हेल्थकेयर फर्मों को इस बात की पूरी छूट मिल चुकी है कि वे मरीज की आर्थिक स्थिति के अनुसार जितना चाहे उसका दोहन कर सकते हैं करें। इनको मिली इस शाह का नतीजा है कि आज देश में प्रायः 44 % ऐसी झूठी सर्जरी की जा रही हैं जिनकी जरुरत ही नहीं। करीब 55 % गैर जरूरी हार्ट सर्जरी,लगभग 48 % गर्भाशय सर्जरी करीब 47 % कैंसर सर्जरी,48 % घुटना बदलने वाली शल्य चिकित्सा 45 % प्रसव सर्जरी केवल धन ऐंठने हेतु पूरी तरह अकारण ही की जा रही हैं। यह कोई गढ़े हुये काल्पनिक आंकड़े नहीं बल्कि मार्च 2016 को भारत की एक संसदीय समिति द्वारा स्वीकार किये गये तथ्य हैं। सत्ता संरक्षित इन अस्पतालों को भी पूरी तरह से कॉर्पोरेट कम्पनी की ही तरह टारगेट आधारित व्यवसाय बना दिया गया है। अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिये हर महीने के अंत में इन डॉक्टर्स पर दबाव बढ़ता है और डॉक्टर्स को डढऊ के मरीजों को भी अकारण शल्य चिकित्सा (सर्जरी ) की तरफ धकेलना पड़ता है। यूँही नहीं कई बड़े नामी सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल अपने सीनियर डॉक्टर्स को एक करोड़ रुपए प्रति माह तक तनख़्वाह देते हैं। इसके बदले में इन्हें प्रत्येक माह एक हजार सामान्य मरीजों को गंभीर मरीज में परिवर्तित करना होता है। ऐसे लूट एक्सपर्ट डॉक्टर्स का ट्रैक रिकार्ड बनता है कि वह मरीजों को लूटने का कितना एक्सपर्ट है उसके हिसाब से ही उसे दूसरे लुटेरे अस्पतालों में मरीजों को लूटने का ठेका यानी नौकरी मिलती है। कई मामले ऐसे भी सामने आये हैं जिसमें मृत हो चुके मरीजों को भी जिंदा बताकर पैसे वसूले जाते रहे हैं। अस्पताल द्वारा मृत हो चुके मरीजों का इलाज जारी रखने का केवल नाटक चलता है ताकि जितना हो सके पैसे ऐंठे जाते रहें। ऐसे कई मामले अखबारों में भी आते रहते हैं। ब्रेन डेड मरीजों को एक महीना वेंटिलेटर पर रखने जैसा एक अस्पताल का मामला अदालत में साबित हुआ तो अदालत ने सिर्फ 5 लाख की सांत्वना राशि का जुमार्ना उस अस्पताल पर ठोक दिया। इन्हीं भारतीय स्वास्थ्य सम्बन्धी अनियमिताओं के चलते पिछले दिनों मेरे एक पारिवारिक सम्बन्ध रखने वाले संपन्न,शिक्षित व अप्रवासी भारतीय परिवार की एक 76 वर्षीय महिला की समय पूर्व जान चली गयी। मरीज के शरीर में इस आयु में चौथे चरण का अग्न्याशय का कैंसर(ढल्लूर्१ींङ्र उंल्लीू१) चिन्हित किया गया। उसी समय चंडीगढ़ में एक वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ ने यह घोषित कर दिया कि मरीज अधिकतम एक वर्ष की आयु और जी सकता है। अमेरिका में मरीज के करीबी रिश्तेदार जोकि स्वास्थ्य विभाग में ही शोधार्थी है तथा उच्च पद पर कार्यरत हैं जब उन्हें इस घटनाक्रम का पता चला तो उन्होंने भी इस उम्र में किसी भी कीमियो थरेपी की कोशिश से मन किया साथ यह भी कहा की अमेरिका में इस उम्र में कीमियो की सलाह नहीं दी जाती।

परन्तु जब यही मरीज मोहाली के एक नामी सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती किया गया तो वहाँ के 'नेटवर्क ' ने किसी दूरदर्शिता की बात करने या संभावित खतरों की फिक्र या उससे आगाह किये बिना कीमियो कर डाला। जिससे मरीज के शरीर में जॉन्डिस फैल गया। और इस अनावश्यक कीमियो के सप्ताह भर के भीतर ही वह मरीज चल बसा जोकि बिना कीमियो के एक साल जी सकता था। देश में ऐसे हजारों मामले रोजाना होते रहते हैं मगर सत्ता संरक्षित होने के कारण इनका कोई कुछ बिगाड़ नहीं पाता। लूट का अड्डा बनते जा रहे ऐसे सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का तो लाइसेंस ही निलंबित कर दिया जाना चाहिये।

## संक्षिप्त समाचार

### बलराम सिंह दिवराला (शेखावत) हुए अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा में राष्ट्रीय कार्यकरणी सदस्य मनोनीत



**चमकता राजस्थान । जयपुर (खलील कुरैशी)।** भाजपा नेता बलराम सिंह दिवराला जयपुर मालवीय नगर विधानसभा में लम्बे समय से बूथ अध्यक्ष हैं, पूर्व मे जाने माने फिल्म स्टार सोनू सूद भी निजी तौर पर शेखावत की कर चुके हैं तारीफ बता दे शेखावत भाजपा नेता के साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं जो समाज के विभिन्न कार्यक्रमो मे बढ़ चढ़ कर भाग लेते हैं,परिवारिक पृष्ठभूमि की अगर बात करे तो शेखावत के दादा ठाकुर पृथ्वी सिंह शेखावत को जयपुर राजघराने से सात घोड़ों की जागीर प्राप्त हैं जिनका नाम आज भी अल्बर्ट हॉल के इतिहास में दर्ज हैं, साथ ही इनके पिता भी भैरोसिंह शेखावत के समय नेता व यूनिवर्सिटी से अध्यक्ष रहे है, इसी परंपरा को बढ़ाते हुए बलराम सिंह भी अपना समूचा समय समाज को दे रहे हैं,जिनकी नियुक्ति से राजस्थान के संपूर्ण क्षत्रिय समाज में हर्ष की लहर है, इस नियुक्ति के बाद राजेंद्र राठौर, गजेंद्र सिंह खिमसर व भाजपा प्रदेश इकाई के मुखिया,समाज के पदाधिकारियों सहित राजस्थान के कई दिग्गजो ने बलराम सिंह दिवराला को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### प्रतापगढ़ जिले की देवगढ़ थाना पुलिस ने किया डकैती की वारदात का खुलासा

- **6 महीने पहले कलेक्शन कर लौट रहे मुनीम से लूटे थे 3 लाख नकद, तीन आरोपी बापर्दा गिरफ्तार**



**चमकता राजस्थान। जयपुर/प्रतापगढ़ !(खलील कुरैशी) 25 दिसंबर।** जिले की देवगढ़ थाना पुलिस ने 6 महीने पहले दिवाक माता मंदिर से चिकलाड के बीच सुनसान रास्ते पर बाइक सवारों द्वारा व्यापारी के मुनीम से 3 लाख रुपये नगद व मोबाइल की लूट के मामले का खुलासा कर तीन आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया है।एसपी विनीत कुमार बंसल 23 जून को मुनीम रूपलाल मीणा (30) द्वारा रिपोर्ट दी गई कि उसके सेठ हसमुख जैन निवासी देवगढ की दुकान शहर में स्थित है। उनकी दुकान से फुटकर व्यापारी माल उधार लेकर दिवाक माता मंदिर के आस पास दुकाने लगाते है। आज 23 दोपहर करीब 1 बजे वह कलेक्शन करने बाइक लेकर दुकान से निकला था।दिवाक माता मंदिर पहुँच फुटकर व्यापारियों से उधारी सामान के करीब 03 लाख रूपये बैग में रख शाम 6.30 बजे खुंटगढ से चिकलाड की तरफ आ रहा था। मोड में आस पास उसके आगे दो मोटरसाइकिले आई। उन पर दो-दो आदमी थे, जिन्होने मुहँ कपडे से ढक रखे थे। उनमें से एक ने मुझे पीछे से पकड कर नीचे गिरा दिया और मारपीट करके पैसों वाला बैग, मोबाईल व मोटरसाइकिल की चाबी छिनकर भाग गये। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया इस घटना के बारे में एसएचओ मिश्री लाल चौहान द्वारा एसपी बसंल को बताया गया। जिनके निर्देश पर लूट, चोरी, नकबजनी व डकैती की घटनाओं का खुलासा कर वांछित अपराधियों की धरपकड के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत एएसपी परबत सिंह व सीओ नाना लाल सालवी के सुपरविजन में थाना देवगढ़ से पुलिस टीमों का गठन किया गया गठित टीमों द्वारा अभियुक्तों की तलाश प्रारंभ की गयी। दौराने तलाश मुखबिर की आसुचना और तकनीकी साक्ष्यों की सहायता से पुलिस टीम ने 03 अभियुक्तों को डिटेन किया है। मनोवैज्ञानिक तरीके से घटना के बारे मे पुछताछ करने पर अभियुक्तों ने उक्त घटना करना स्वीकार किया है। तीनों अभियुक्तों को बापर्दा गिरफ्तार किया जाकर घटना में सलिंप्त अन्य साथी की तलाश जारी है।

### 12 लाख रुपये कीमत की 103.71 ग्राम एमडीएमए ड्रग सहित तीन गिरफ्तार

# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की सूचना पर उदयपुर पुलिस ने पकड़ी ड्रग

### पैसे नहीं थे तो बुलेट बाइक गिरवी रख खरीदी दी ड्रग, सप्लायर व खरीददार की तलाश जारी

चमकता राजस्थान







**जयपुर (खलील कुरैशी) 25 दिसंबर।** नए साल के जश्न से पहले प्रोएक्टिव पुलिसिंग के तहत प्रदेश में एजीटीएफ एवं स्थानीय पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही है। एजीटीएफ की सूचना पर मंगलवार रात उदयपुर जिले की सुखेर थाना पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर 103.71 ग्राम एमडीएमए व तीन मोबाइल फोन जब्त किए है। जप्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 12 लाख रुपए आंकी गई है।अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि उपमहानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशा राम चौधरी के सुपरविजन में गैंगस्टर्स, वांटेड क्रिमिनल एवं तस्करों के बारे में आ सूचना संकलन व धरपकड़ के लिए पुलिस मुख्यालय से एजीटीएफ की विभिन्न टीमों को अलग-अलग शहरों में रवाना किया गया है।आसूचना संकलन के दौरान टीम के सदस्य हेड कांस्टेबल महावीर सिंह एवं कांस्टेबल नरेंद्र पाटीदार को मंगलवार को पुख्ता सूचना मिली कि तीन युवको के पास भारी मात्रा में ड्रग्स है जो अभी सूखेर थाना इलाके में है। इसके बारे में सूचना टीम ने तुरंत एसएचओ सुखेर को दी। भैरव गढ 200 फीट रोड पर तीन युवा उम्र के सन्दिग्ध लड-के पुलिस को खड़े दिखाई दिए, जो आपस में बाते कर रहे थे। पुलिस वाहन देख कर अचानक वे हडबडा कर भागने लगे।सुखेर थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीनो युवकों को रोककर भागने का कारण पूछा तो तीनों युवक कोई संतोषप्रद जबाव नही दे पाए। तीनो की गतिविधिया संदिग्ध लगने पर नाम पता पूछा तो एक ने आदिल छीपा पुत्र मोहम्मद अशफाक (22) पेशा प्राईवेट नौकरी निवासी देहली गेट, थाना कोतवाली चितौडगढ, दुसरे ने समीर छीपा पुत्र महबुब (22) पेशा पढाई निवासी छीपा मोहल्ला आयड, थाना भुपालपुरा जिला उदयपुर व तीसरे ने अपना नाम अब्बु फैजान पुत्र रसीद मोहम्मद (22) निवासी गणेष नगर पायडा थाना प्रतापनगर उदयपुर बताया।तलाशी में आदिल के पास से 39.92 ग्राम एमडीएमए ड्रग, समीर के पास से 33.74 ग्राम एवं अब्बु फैजान के पास 30.05 ग्राम कुल 103 ग्राम 71 मिलीग्राम एमडीएमए ड्रग एवं तीन मोबाइल जब्त किये गए। मादक पदार्थ एमडी ड्रग कहां से खरीदा गया के बारे में पूछा गया तो तीनो ने बताया कि उनके पास ड्रग खरीदने के पैसे नहीं थे तो उन्होंने अपने ताऊ के लड़के आसिफ की बुलेट बाइक अंजुमन मुखर्जी चौक निवासी लक्की उर्फ छोटा फरहान के पास गिरवी रख उससे ड्रग खरीदी है। जिसे वे आगे सप्लाई करने जा रहे थे।अवैध मादक पदार्थ 103.71 ग्राम एमडीएमए ड्रग एवं तीनों मोबाइल जप्त कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया जाकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस के तहत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों आदिल छीपा समीर छीपा एवं अब्बू फैजान से पुलिस इनके नेटवर्क एवं अन्य अपराधिक घटनाओं के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी के सुपरविजन में की गई इस कार्रवाई में एजीटीएफ से हेड कांस्टेबल महावीर सिंह एवं कांस्टेबल नरेंद्र पाटीदार की विशेष भूमिका रही, वहीं एसएचओ सुखेर हिमांशु सिंह एवं उनकी टीम का भी शानदार योगदान रहा।

## महानिदेशक पुलिस एसीबी डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा के निर्देशन में एसीबी ने कसा खाकी को दागिल करने वाले कारिंदे पर कसा कानूनी शिकंजा

- **सवाईमाधोपुर में पुलिस थाना रवांजना डूंगर का सहायक उपनिरीक्षक पुलिस 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

चमकता राजस्थान



जयपुर!(खलील कुरैशी) 25 दिसम्बर, बुधवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की सवाईमाधोपुर इकाई द्वारा कार्यवाही करते हुये भरतलाल सहायक उपनिरीक्षक पुलिस, प्रभारी चौकी कुश्तला, पुलिस थाना रवांजना डूंगर, जिला सवाईमाधोपर को परिवादी से 10 हजार रुपये रिश्वत के रूप में लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की सवाईमाधोपुर इकाई को परिवादी द्वारा एक शिकायत इस आशय की दी गई कि बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को पुलिस थाने में खाली करवाकर, एम.वी. ऐक्ट में चालान कर छोड़ने तथा कार्यवाही नहीं करने की एवज में आरोपी भरतलाल सहायक उपनिरीक्षक पुलिस द्वारा 50 हजार रुपये रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा है जिसमें से मौके पर ही आरोपी द्वारा 30 हजार रुपये रिश्वत के रूप में वसूल कर लिये हैं।जिस पर एसीबी भरतपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस राजेश सिंह के सुपरवीजन में ए.सी.बी. की सवाईमाधोपुर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर उनके द्वा-रा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी भरतलाल सहायक उपनिरीक्षक पुलिस को परिवादी से 10 हजार रुपये रिश्वत के रूप में लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी सहायक उपनिरीक्षक पुलिस द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान भी परिवादी से 10 हजार रुपये रिश्वत के रूप में प्राप्त कर लिये थे।एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

### स्वर्गीय रामलाल मीणा की द्वितीय पुण्यतिथि पर आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा



**चमकता राजस्थान। शाहपुरा ( खलील कुरैशी)।** दया धर्म का मूल है इस भावना को लेकर किए गए सामाजिक कार्यों से क्षेत्र का एवं परिवार का विकास संभव हो सकता है जगदीश मीणा राष्ट्रीय संयोजक राष्ट्रीय संस्कार सेना कोटपूतली तहसील के अजीतपुरा गांव में समाजसेवी एवं सामाजिक पटेल स्वर्गीय रामलाल मीणा की द्वितीय पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए राष्ट्रीय संस्कार सेना के राष्ट्रीय संयोजक जगदीश मीणा ने यह बात कही कार्यक्रम आयोजन लीलाराम मुकेश मीणा एवं नागरमल मीणा ने अतिथियों का माला साफा पहनाकर स्वागत किया कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सरपंच रामकरण मीणा ने की कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पत्रकार जगदीश सेन उद्योगपति राम अवतार स्वामी रहे कार्यक्रम का संचालन अध्यापक सतवीर चौधरी ने किया इस मौके पर स्वर्गीय रामजीलाल मीणा के परिजनों द्वारा मोक्ष धाम धर्मशाला स्कूल एवं मंदिर में सीमेंट की कुर्सियां दान की गई कार्यक्रम में धन्यवाद भाषण दिनेश मीणा ने दिया।

# श्री आदर्श चौधरी , मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन, जविप्रा, जयपुर ने बताया कि प्रवर्तन शाखा द्वारा आज दिनांक: 25.12.2024 को प्रवर्तन संबंधी निम्नांकित कार्यवाहियां सम्पादित की गई

### जोन-12: निजी खातेदारी करीब 34 बीघा कृषि भूमि पर 06 नवीन अवैध कॉलोनियों का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्तीकरण

चमकता राजस्थान









जयपुर (खलील कुरैशी) आदर्श चौधरी मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन, जविप्रा, जयपुर ने बताया कि प्रवर्तन शाखा द्वारा दिनांकः 25.12.2024 को प्रवर्तन संबंधी निम्नांकित कार्यवाहियां सम्पादित की गईः-(1). प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांकः 25.12.2024 को जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम कालवाड मूडोता रोड पर घोडा फार्म के सामने , जिला जयपुर में करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषिभूमिपरजेडीएकीबिनास्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।(2).जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम कालवाड मूडोता के पास जिला जयपुर में ही करीब 13 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीएकीबिनास्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''कालवाड वाटिका'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

(3)जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम कालवाड मूडोता के पास , जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''रॉयल ग्रीन वाटिका'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।(4).जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम मंडा पहाड के पास जिला जयपुर में करीब 06 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, सीमेन्ट के पिल्लर,, जालियां बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।(5)जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम मंडा भोपावास जिला जयपुर में करीब 3 बीघाि नजीखातेदारीकृषिभूमिपरजेडीएकीबिनास्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।(6). जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम मंडा भोपावास सरकारी स्कूल के पीछे जिला जयपुर में करीब 4 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वा-रा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन तृतीय, प्रथम, प्रवर्तन अधिकारी जोन 12, तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा माह अक्टूबर वर्ष 2024 से आज तक कुल 103 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### वरिष्ठ पत्रकार गौरव गुप्ता को दिल्ली में मिली डॉक्टरेट की उपाधि

- USA की Cedarbrook यूनिवर्सिटी ने दिया पत्रकारिता में विशेष सम्मान




**चमकता राजस्थान। जयपुर।** वरिष्ठ पत्रकार गौरव गुप्ता को दिल्ली में डॉक्टरेट की उपाधि दी गयी,
गौरव गुप्ता पिछले 20 सालों में टीवी पत्रकारिता में कई न्यूज चैनल्स में अहम भूमिका में काम कर चुके हैं. ई टीवी से अपना कैरियर शुरू कर गौरव गुप्ता zee news, tv100, india news, news india चैनल में काम कर चुके है, यही नहीं न्यूज इंडिया चैनल में गौरव गुप्ता यूपी और उत्तराखण्ड की जिम्मेदारी संभाल चुके है.. वर्तमान में गौरव गुप्ता देवभूमि पोल खोल समाचार पत्र के सम्पादक है. .. आज दिल्ली में USA की यूनिवर्सिटी Cedarbrook पत्रकारिता मे उन्हें दिल्ली विशेष सम्मान दिया। गौरव गुप्ता ने इस सम्मान के लिए चयनकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### सुशासन दिवस मनाकर स्वच्छता सप्ताह का आगाज




**चमकता राजस्थान। फलोदी।** जिले में भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिन पर आज सुशासन दिवस के रूप में मनाने के साथ ही 31 दिसंबर तक चलने वाले स्वच्छता सप्ताह का आगाज किया गया। पंचायत समिति फलोदी में भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया एवं आगामी 31 दिसंबर तक चलने वाले स्वच्छता सप्ताह का आगाज अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी ललित कुमार गर्ग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अटल संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए गर्ग ने पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन परिचय पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी प्रेम रतन दवे द्वारा सुशासन शपथ एवं स्वच्छता शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम में सुगनसिंह, मनीष कुमार, लक्ष्मण, ताहिर हुसैन, परसराम , मान सिंह, नवीन जोशी आदि उपस्थित रहे।

### अटल जन सेवा शिविर का आयोजन आज, उपखंड स्तरीय जन सुनवाई अब 28 को

**चमकता राजस्थान। फलोदी 25 दिसंबर ।** भारत रत्न वाजपेई के जन्म शताब्दी के चलते द्वितीय गुरुवार को आयोजित की जाने वाली उपखण्ड स्तरीय जन सुनवाई 28 को आयोजित होगी । जबकि 26 को पचांयत समिति फलौदी में अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा।उपखंड अधिकारी सुनील कुमार पंवार ने बताया कि माह की प्रत्येक द्वितीय गुरुवार को आयोजित होने वाली उपखंड स्तरीय जन सुनवाई को इस बार 26 दिसंबर के बजाय 28 दिसंबर को पंचायत समिति फलोदी मुख्यालय पर अटल जन सेवा शिविर के आयोजित की जानी है। उन्होंने बताया कि भारत रत्न स्व श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के तहत विशेष अटल जन सेवा शिविर का आयोजन दिनांक 28.दिसंबर को किया जाना है। उन्होंने बताया कि 26.दिसंबर गुरुवार को प्रातः 10.00 बजे वी. सी. रूम पचांयत समिति फलौदी में अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा।
इस शिविर में ब्लॉक सारीय समस्त अधिकारी अनिवार्य रूप से भाग लेने तथा विभागीय योजनाओं की क्रियान्विति रिपोर्ट, सतर्कता प्रकोष्ठ, जनसुनवाई, मुख्यमंत्री प्रकोष्ठ के प्रकरण प्राप्त अभ्यावेदनी की पालना रिपोर्ट आवशयक रूप से साथ लेकर उपस्थित सुनिश्चित रहने के निर्देश दिए हैं।

### श्री उमा महेश्वर मंदिर पर महिला मंडल ने किया पोष बड़ों का आयोजन।

- हरि कीर्तन के बाद हलवा बड़ों का भोग लगा किया डोना प्रसादी का वितरण।



**चमकता राजस्थान। फुलेरा (दामोदर कुमावत)।** कस्बे के श्रीरामनगर स्थित श्री उमा महेश्वर मंदिर पर श्री रामनगर महिला मंडल के तत्वाधान में बुधवार को पोष बड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री राम नगर महिला मंडल की सुशीला कुमावत ने बताया कि मंडल की महिलाओं ने प्रातःकाल मंदिर मेंभगवान श्री गणेश, शिव पार्वती व श्रीरामभक्त हनुमानजी का जलाभिषेक पूजा अर्चना व भव्य श्रृंगार कर सजावट की गई, तथा दोपहर से महिलामंडल की महिलाओं ने जमकर भजन कीर्तन किया,महिलाओं ने विभिन्न धुनों पर मनमोहन संगीत पर भजनों का आयोजन किया इस पर महिलाएं नाच, झूम उठी तथा सांय 5:15 बजे श्री गणेश एवं भोलेनाथ सहित बालाजी को हलवा बड़ों का भोग लगाकर डोना प्रसादी का वितरण किया गया,जिसमें सैकड़ो लोगों ने पोष बड़ों का आनंद लिया,इस मौके पर संतोष भोडीवॉल,गुड्डी कुमावत,सुमन भोडीवाल, कांता अग्रवाल,रेखा साहू, रंजना कुमावत, भगवती कुमावत,शोभागुर्जर, सीमा कुमावत, निर्मला कुमावत, कांता कुमावत, सोनी देवी कुमावत तथा मुन्नी देवी कुमावत सहित दर्जनों महिलाओं ने इस आयोजन में भाग लिया।

# मैक्स शेखावाटी रत्न सम्मान समारोह सम्पन्न

## व्रिप इंडिया वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** व्रिप इंडिया वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा आयोजित मैक्स शेखावाटी रत्न सम्मान समारोह जयपुर स्थित सितारा स्टारडम में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ फाउंडर डायरेक्टर पं अनिल शर्मा भारती, राष्ट्रीय अध्यक्ष निकिता शर्मा, साध्वी प्रज्ञा भारती जी दिल्ली, महंत दीपक वल्लभ गोस्वामी महामंडलेश्वर आत्मानंद महाराज, महाराज अवधेशाचार्य, लोहार्गल धाम, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, राजस्थान हाई कोर्ट जयपुर के सीनियर एडवोकेट संजय महला, इंटरनेशनल मूर्तिकार मातूराम वर्मा, शिक्षाविद् जगदीश प्रसाद जोशी, रावत एम्पायर ग्रुप के चेयरमैन भूदेव जी, कार्यक्रम के संयोजक जेजे कशयप व महेश बसावतीया, ने दीप प्रज्वलन कर किया।
तत्पश्चात गणेश वंदना के साथ समारोह का प्रारंभ करते हुए फाउंडर अनिल शर्मा ने आए हुए अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया एवं स्मृति चिन्ह और शॉल देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में शिक्षा, चिकित्सा, समाज सेवा, कला,अभिनय, गायन, नृत्य, व्यवसाय, लेखन आदि विधाओं में कीर्तिमान स्थापित कर समाज के लिए प्रेरणा बने विभूतियो शिक्षाविद् जगदीश प्रसाद जोशी पिलानी, मूर्तिकार मातूराम वर्मा पिलानी, भंवरी देवी इंटरनेशनल फोक आर्टिस्ट, कंपनी सेकेट्री सुनील शर्मा चिड़ावा,डॉ विक्रम सोनी सीकर ,डॉ रमाकांत शर्मा बगड़ ,अनिता पुनिया चिड़ावा , कवि नागेंद्र शर्मा निकुंज चिड़ावा ,,मदन लाल यादव जयपुर,मुकेश सोनी सीकर, डॉ राजकुमार शर्मा भरतपुर, प्रमोद कुमार गौड चूरू, जाकिर भाटी रतनगढ़,डॉ सचिन शर्मा खाटूश्याम जी, आशीष जैन सीकर, डॉ अंशुल चाहर झुंझुनूं ,गणेश शेखावत बीकानेर, मो दयार नूरानी चूरू, डॉ प्रेमलता स्वामी चुरु, कैलाश व्यास लिखवा, साहिल सोनी चिड़ावा, जाकिर अब्बासी झुंझुनूं, मोहरपाल सैन जयपुर, डॉ अमृता चौधरी चूरू,राकेश शर्मा झुंझुनूं, मुकेश जी बगड़ , वंशिका चिड़ावा संजय दाधीच चिड़ावा, बिहारीलाल झुंझुनूं , श्याम जोशी अहमदाबाद, डब्ल्यू शर्मा झुंझुनूं, अल्का सुरोलिया झुंझुनूं, धीरज सोनी बगड़, सुमन कुमावत सीकर, अमित बुडानिया सीकर, सोनू पुनिया कासनी सूरजगढ़ , डॉ अल्का जयपुर, इमरान पठान नरहड़, पत्रकार कृष्ण ढसा चिड़ावा,योगेंद्र कटेवा चिड़ावा, डॉ कुसुमलता शर्मा चिड़ावा, शांतनु उपाध्याय बीकानेर, गुड्डूबाई किन्नर फतेहपुर शेखावाटी, पवन सहल बगड़, रमेश शून्य चिड़ावा, देवेश पंवार जयपुर, अमित बुडानिया सीकर, कविता शर्मा जयपुर को संतजन एवं अतिथियों ने विभूतियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि विप्र इंडिया वेलफेयर फाउंडेशन ने शेखावाटी के उन विशिष्ट लोगों को जिन्होंने अपनी प्रतिभा से शेखावाटी का नाम रोशन किया उनको सम्मान देकर एक नई पहल की है इससे क्षेत्र के लोगों का गौरव बढ़ा और एक नई प्रेरणा मिली साध्वी प्रज्ञा भारती ने संबोधित करते हुए कहा आज के परिवेश में संत समाज को सम्मान देकर फाउंडेशन ने एक पुनीत कार्य किया एवं भविष्य में संगठन द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों को संत समाज का आशीर्वाद एवं सहयोग सदैव मिलता रहेगा, महामंडलेश्वर आत्मानंद सरस्वती, महंत मनोहर शरण दास, महंत दीपक वल्लभ,लोहार्गल पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य ने भी अपने उद्बोधन में विप्र इंडिया के इस अनूठे कार्य और विभूतियों का गौरव बढ़ाने के लिए एक सराहनीय पहल बताया और सदैव अपने सहयोग के आश्वासन की घोषणा की।
धन्यवाद ज्ञापन देते हुए संस्था के फाऊंडर अनिल भारती ने संस्था के गठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समाज की गरीब एवं जरूरतमंद लोगो की सहायतार्थ एवं महिला विकास को बढ़ावा देते हुए समाज की मुख्य धारा से जोड़ते हुए प्रयास एवं कभी कोई भूखा ना सोए सबको भोजन उपलब्ध हो ऐसी सोच के साथ संगठन समाज में व्याप्त कुरीतियों की रोकथाम, सम्मानित विभूतियों को सम्मानित करने का कार्य निरंतर जारी रहेगा इसके साथ कार्यक्रम में आए हुए विशिष्ट अतिथियो अंतिमा इंदौरिया , डॉ मनोज सिंह चेयरमैन टीकेएन ग्रुप झुंझुनूं, नवीन शर्मा मास्टर सोलर ग्रुप, सजन गोदारा चिड़ावा,गोविंद शर्मा पलसाना, नरेंद्र सामोता, आशीष अग्रवाल, उमाशंकर महमियां, डॉ सुरेंद्र वरबाड ,वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र शर्मा झेरलीवाला, रमेश स्वामी, अरुण गुप्ता, महेश आजाद, चंद्रमौली पचरंगीया , समीर सैयद,का विशेष सम्मान कर राष्ट्रीय अध्यक्ष निकिता शर्मा ने कार्यक्रम समापन की घोषणा की।
कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार शर्मा ने किया।कार्यक्रम में प्रमुख मैक्स हाइट जयपुर को रियल स्टेट क्षेत्र में शेखावाटी की शान अवार्ड से नवाजा गया।

## 37वां कायस्थ युवक-युवती परिचय सम्मेलन सम्पन्न, जिला धौलपुर के संयोजकों को सम्मानित किया गया

चमकता राजस्थान




**जयपुर (खलील कुरेशी)** । जयपुर। सामुदायिक भवन एस एफ एस, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर जयपुर में 37वां कायस्थ युवक- युवती परिचय सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में 250 युवक और 50 युवतियों का रजिस्ट्रेशन हुआ, जिसमें कई जोड़े तय किए गए। सम्मेलन के दौरान जिला धौलपुर के कायस्थ बंधुओं के सहयोग से संयोजक अचल कुमार माथुर, खेमचंद कुलश्रेष्ठ और बाबूलाल कुलश्रेष्ठ ने विशेष योगदान दिया। इन तीनों संयोजकों द्वारा सम्मेलन में 23 युवक और युवतियों का रजिस्ट्रेशन कराया गया। आयोजकों द्वारा उनकी मेहनत और योगदान के लिए अचल कुमार माथुर, खेमचंद कुलश्रेष्ठ और बाबूलाल कुलश्रेष्ठ को सम्मानित किया गया।

### शिक्षक अजीत तोमर ने विद्यार्थियों को बांटे गर्म कपड़े




**चमकता राजस्थान। धौलपुर रामदास तरुण। धौलपुर।** पंचायत समिति बसेड़ी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अतरसूमा में कार्यरत शिक्षक अजीत तोमर ने विद्यालय के कक्षा एक से पांचवीं तक के 100 विद्यार्थियों को ऊनी स्वेटर वितरित किए। सर्दी के मौसम में छोटे बच्चों को गर्म वस्त्र प्रदान करने के इस नेक कार्य में विद्यालय के प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह चौधरी, एसडीएमसी सदस्य ईश्वरी प्रसाद शर्मा, होतम सिंह, श्यामबाबू, रामेश्वर प्रसाद, और विद्यालय में कार्यरत शिक्षक विनोद कुमार शर्मा, हरीबाबू गुर्जर, शिवकुमार शर्मा सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद थे। किशोर न्याय बोर्ड धौलपुर के सदस्य राकेश कुमार परमार ने शिक्षक अजीत तोमर के इस पुनीत कार्य के लिए उन्हें हार्दिक धन्यवाद दिया और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

### कृष्णा कॉलोनी में घूम रहे जरक का समस्या का समाधान नहीं, वन विभाग की कार्यवाही पर उठे सवाल



**चमकता राजस्थान। धौलपुर रामदास तरुण।** बाड़ी नगरपालिका क्षेत्र की कृष्णा कॉलोनी में पिछले दो महीनों से घूम रहे जरक (जंगली जानवर) का अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। रोजाना रात 9 बजे के बाद यह जानवर कॉलोनी में घुस आता है, जिससे स्थानीय लोगों में डर का माहौल है। वन विभाग द्वारा इस समस्या को हल करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। कुछ समय पहले पिंजरा लगाने की कोशिश की गई थी, लेकिन उसे सिर्फ खानापूर्ति ही माना जा रहा है। क्योंकि उसे पकड़ने के बाद दोबारा किसी ने पिंजरे को चेक नहीं किया। कॉलोनीवासी अब सवाल उठा रहे हैं, कि वन विभाग आखिर कब तक इस समस्या को नजर अंदाज करता रहेगा।

### नगर परिषद कार्यालय के पास ही गंदगी के ढेर



**चमकता राजस्थान। फलोदी।** शहर की मुख्य सड़क और नगर परिषद कार्यालय के पास ही गंदगी के ढेर लगे हुए हैं जिससे व्यापारियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है । वही दूसरी तरफ स्वच्छता सप्ताह की भी धज्जियां उड़ती नज़र आ रही है ।
नगर परिषद से मात्र 50 फीट की दूरी पर ही स्थित आशीर्वाद कृषि केंद्र नगर परिषद अनपुर्णा रसोई के पास वाली गली में स्थित दुकान ओर गोदाम के आगे दिन भर कचरे के ढेर देखने को मिल रहे हैं जहां पर परिषद के सफाई कर्मचारी द्वारा कचरा डाला जा रहा है।
इस क्षेत्र के व्यापारियों को इससे भारी परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है ।
व्यापारियों के कहना है कि इस संबंध में जिम्मेदारों को बार बार अवगत करवाया गया लेकिन इस समस्या का अभी तक समाधान नहीं हो पाया है ।

- **क्या कहना है इनका**

व्यापारी मनोज व्यास उर्फ राजू ने बताया कि इस समस्या को लेकर परिषद के जिम्मेदारों को स्थानीय व्यापारियों द्वारा कई बार अवगत करवाया गया लेकिन इस समस्या का समाधान अभी तक नहीं हो पाया है।

### विधायक चौधरी ने किया निर्वाचन क्षेत्र का दौरा, जनसुनवाई करके आमजन की समस्याओं का कि यहया समाधान

- क्षेत्र के शोक संतप्त परिवारों की बैठकों मे भी हुए शामिल



**चमकता राजस्थान। रघुनंदन पारीक श्रीनगर/अजमेर/मदनगंज-किशनगढ़:-** विधायक डॉ विकास चौधरी ने ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया। अराई उपखंड क्षेत्र एवं बोराडा क्षेत्र के गांवों में आमजन से जनसुनवाई की एवं मौके पर अधिकारियों से बात करके तुरंत समाधान करने के निर्देश दिये,मुख्य समस्याएं बिजली, पानी एवं सड़क को लेकर सामने आई । जिसको लेकर विधायक ने आमजन को समस्याओं की निस्तारण के लिए आश्वस्त किया । साथ ही चौसला, कटसुरा, जोरावरपुरा, लापड़ा, बोराडा, केरिया, कोटडी, दादिया, बरना सहित दर्जनभर गांवो में पिछले दिनों जिन परिवारों ने अपनों को खोया उनके दुख दर्द में सम्मिलित हुए। इस दौरान उनके साथ क्षेत्र के सरपंच गण, पंचायत समिति सदस्य, सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि व पार्टी कार्यकर्ता साथ रहे।

## पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक आयेगे

# हलैना मे जल्द होगा किसान सम्मेलन

- जल्द तय होगा कार्यक्रम
- सम्मेलन की चर्चाऐ हुई शुरू

चमकता राजस्थान



**भरतपुर (राजवीर सिंह)** । इआरसीपी - पीकेसी सहित बाणगंगा नदी को गम्भीर से जोड़ने तथा पाँचना के पानी का बँटबारा करने एवं सभी पानी के मुद्दों , रोजगार तथा किसान समस्याओं को लेकर जल्द कस्वा हलैना मैं किसान सम्मेलन आयोजित किया जायेगा जिसमें जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल और किसान नेता सत्यपाल मलिक हिस्सा लेगे ' सत्यपाल मालिक का कार्यक्रम शीघ्र ही तय हो जायेगा ।
किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने बताया कि वगैर सिंचाई पानी के किसान परेशान है , नदिया सूखी पड़ी हुई है ' गहरे पातालतोड़ ट्यूबबैल भी सूख चुके है , भरतपुर और डीग सहित दौसा ' अलवर आदी जिलों में पानी का भारी संकट है जिसके लिये हम वर्ष 2007 से लगातार संघर्षरत है। उन्होंने बताया कि कृषि उपकरणों के मूल्य लगातार बढ़ते जा रहे है जबकि किसानों को लाभकारी मूल्य तो दूर की बात रही समर्थन मूल्य भी नहीं मिल रहा जबकि किसान अपनी माँगों को लेकर कई वर्ष से आन्दोलन कर रहे हैं। खेती का घाटा बढ़ने के कारण किसान कर्जदार हो रहे है जिसके कारण किसान लगातार आत्महत्याऐं करते जा रहे है । नौजवान बेरोजगार घूम रहे है । खेती और किसानों के मुद्दों पर चर्चा करने के लिये ही यहाँ जल्द किसान सम्मेलन होने जा रहा है । यमुना जल के मुदें पर भी बात होगी ।
किसान नेता इन्दल सिंह ने बताया कि पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मालिक और भरतपुर के पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन के अलावा अन्य कई प्रमुख किसान नेता आयेगे । किसान नेताओं से कार्यक्रम तय करने के लिये बातचीत जारी हैं । कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारी को लेकर क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोंगो से सम्पर्क किया जा रहा है । तमाम कार्यकर्ताओं ने किसान सम्मेलन की तैयारियों को लेकर कोशिशे शुरू कर दी गई है ।

## प्रवासी राजस्थानियों ने किया देवनानी का सम्मान

# कोलकाता पहुंचे राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का पूरा दिन रहा व्यस्त, अनेक कार्यक्रमों में लिया भाग

## मारवाड़ी समाज ने राजस्थान का विश्व में बढ़ाया मान : देवनानी

- गरीबों को बांटे कंबल, जैन संत से लिया आशीर्वाद
- देवनानी की पश्चिम बंगाल के राज्यपाल से हुई मुलाकात

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 25 दिसंबर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी कि पश्चिम बंगाल की दो दिवसीय यात्रा का प्रथम दिन व्यस्त रहा देवनानी ने अनेक कार्यक्रमों में भाग लिया और वहां के राज्यपाल सहित अनेक गणमान्यजन से मुलाकात की। बुधवार को कोलकाता के जी.डी.बिड़ला सभागार में आयोजित अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के 90 वें स्थापना दिवस समारोह में देश-विदेश में राजस्थान का मान बढ़ा रहे प्रवासी बंधुओं से संवाद किया। देवनानी ने कहा कि विकसित भारत की यात्रा की सफलता के लिए हमें सामाजिक समावेश और मातृभाषा गौरव को अपने राष्ट्र निर्माण को मूल आधार के रूप में स्वीकार करना होगा।

देवनानी ने कहा कि मारवाड़ी सिर्फ एक समाज और पहचान ही नहीं बल्कि समृद्ध विरासत, भारतीय संस्कृति, संस्कार और परंपराओं को सहेजे हुए है।





### श्री देवनानी गुरुवार को कोलकाता के आध्यात्मिक स्थलों के करेंगे दर्शन और पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष से भी करेंगे भेंट

» राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी गुरुवार को कोलकाता प्रवास के दौरान प्रातः काल में वहां के विभिन्न आध्यात्मिक स्थलों का दर्शन और पूजा अर्चना कर देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना करेंगे। श्री देवनानी का गुरुवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष सहित बंगाल में रह रहे अजमेर जिले के मूल निवासियों के संगठन अजमेर एसोसिएशन के पदाधिकारीगण सहित अनेक संगठनों से मुलाकात भी करेंगे।

मारवाड़ी जहाँ भी जाते है, वहाँ अग्रणी रहकर सभी को साथ लेकर प्रगति में भागीदारी निभाते हैं । राजस्थान प्रदेश के लोगों ने दूसरे प्रदेशों में जाकर अपने व्यवसाय को बढ़ाया है और वे अपने उद्योगों के बल पर नौकरी देने वाले बने हैं। देवनानी ने स्नेह और सम्मान देने के लिए सभी का आभार जताते हुए कहा कि राजस्थान के लोगों ने देश के हर प्रदेश में और विदेश में अपनी मेहनत से अपना बेहतर स्थान बनाया है।राजस्थान के लोग अपने-अपने क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य कर रहे हैं जिससे उनकी पहचान बन रही है और प्रदेश का नाम भी रोशन हो रहा है। देवनानी ने कहा कि प्रवासी अपनी माटी को ना भूले। राइजिंग राजस्थान में लिए गए निर्णय के अनुरूपआगे बढ़कर सक्रिय भागीदारी निभाएं।

इस अवसर पर सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया, सीमा सुरक्षा बल के अतिरिक्त महानिदेशक रवि गांधी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सीताराम शर्मा, पद्मश्री प्रहलाद राय अगरवाला, श्री नंदलाल रुंगटा,हरिप्रसाद कनोडिया, राम अवतार पोद्दार, संतोष सर्राफ, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश जैन, राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी सहित बड़ी संख्या में मारवाड़ी बंधुओं की उपस्थिति रही।

### ● पूर्व प्रधानमंत्री श्री वाजपेई की जयंती पर निर्धनों को कंबल वितरण

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कोलकाता प्रवास के दौरान बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी व महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सेवा समिति द्वारा कोलकाता के नेता जी सुभाष चंद्र बॉस रोड पर और हावड़ा में निर्धनो को कंबल वितरण किये। श्री देवनानी ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई की एक सौवीं जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि किसी भी राष्ट्र में लोकतंत्र की सफलता वहां के सुशासन पर निर्भर होती है। उन्होंने कहा कि सुशासन का अर्थ अच्छा शासन होता है। जवाबदेही रखते हुए लोकतंत्र में शासन करना ही सुशासन होता है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र का अर्थ है जनता का तंत्र और जनता के लिए सुशासन। स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई इस बात को बखूबी जानते थे इसलिए राष्ट्र में सुशासन के अंतर्गत कार्य करने का पहला मंत्र उन्होंने ही दिया।

### ● श्री देवनानी ने लिया जैन संत से आशीर्वाद

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने बुधवार को कोलकाता प्रवास के दौरान तेरापंथ भवन में जैन मुनि श्री जिनेश कुमार का आशीर्वाद लिया। श्री देवनानी ने कहा कि त्याग और समर्पण के साथ मुनि श्री दिनेश कुमार प्रभु महावीर के संदेशों को प्रसारित कर रहे है। उन्होंने महान व्यक्तित्व को वंदन किया।

### ● श्री देवनानी की पश्चिम बंगाल के राज्यपाल बस से मुलाकात

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने बुधवार को कोलकाता प्रवास के दौरान राजभवन पहुंचकर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉक्टर सी बी आनंद बोस से मुलाकात की। श्री देवनानी की पश्चिम बंगाल के राज्यपाल से यह शिष्टाचार मुलाकात लगभग आधे घंटे की रही। श्री देवनानी और राज्यपाल डॉ बोस ने पश्चिम बंगाल और राजस्थान के इतिहास, वहां की सामाजिक परंपराओं और दोनों राज्यों की विधानसभाओं व संसदीय परंपराओं पर चर्चा की।

## संक्षिप्त समाचार

### उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राजस्थान के पर्यटन को विश्व में सर्वश्रेष्ठ बनाने की दिशा में कार्य करने का किया आह्वान



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पर्यटन भवन में समीक्षा बैठक कर राजस्थान के पर्यटन को विश्व में सर्वश्रेष्ठ बनाने की दिशा में कार्य करने का आ''ान किया।

राजस्थान को एक समग्र ब्रांड के रूप प्रचारित-प्रसारित करने, जयपुर तथा राज्य के अन्य जिलों को पर्यटन ब्रांड बनाने, राइजिंग राजस्थान के तहत पर्यटन के क्षेत्र में हुए एमओयू को सौ फीसदी धरातल पर उतारने, 25वें अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फ़िल्मि अकादमी (आईफ़ा) पुरस्कार समारोह के आयोजन, जयपुर परकोटा में लाइटिंग, सफाई आदि को सुव्यवस्थित करने, चारदिवारी क्षेत्र में पार्किंग की समस्या के निस्तारण आदि विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में शासन सचिव पर्यटन विभाग रवि जैन एवं पर्यटन आयुक्त विजयपाल सिंह सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### बाड़ी में विधानसभा प्रतिपक्ष के उपनेता श्री रामकेश मीना का धौलपुर आगमन, जोरदार स्वागत



**चमकता राजस्थान। धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ी।** विधानसभा प्रतिपक्ष के उपनेता एवं विधायक रामकेश मीना का आज बाड़ी में स्वागत किया गया। बाड़ी बाईपास पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामेंद्र मीना के नेतृत्व में एवं अग्रिम संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका पार्षद एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजकुमार भारद्वाज, पंचायत समिति सदस्य मीणा पार्षद हरि पड़िया, रामसेवक अजर, युवा नेता अभिषेक यादव, लज्जाराम कोली, पार्षद प्रतिनिधि नासिर खान, अनिल अरेला, मनरूप मीणा, सेवादल महिला जिला प्रभारी रोशनी शिवहरे, महिला सेवादल जिला अध्यक्ष शबनम खान, यंग ब्रिगेडियर प्रभारी सोनू यादव, एडवोकेट दीपक पाराशर, यूथ कांग्रेस के महादेव मीणा, अजय मीणा, कोषाध्यक्ष मनीष मंगल, योगेश अग्रवाल, ध्रुव शुक्ल, एडवोकेट राकेश अजर, महावीर गौड, मंगल सिंह कुशवाहा, एलएस यादव, बच्चन सिंह मीणा, रामवीर मीना, एवं खानपुर क्षेत्र के अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद रहे। यह कार्यक्रम कांग्रेस पार्टी के सशक्त नेतृत्व और संगठन के सामूहिक प्रयासों को दर्शाता है। सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रामकेश मीना का जोरदार स्वागत कर उनका सम्मान बढ़ाया।

### सर्व समाज सेवी व भाजपा युवा नेता समय सिंह जाटव का जन्म दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया

चमकता राजस्थान



**भुसावर (राजवीर सिंह)।** सर्व समाज सेवी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि समयसिह जाटव का उनके समर्थकों द्वारा 36वा जन्मदिवस धूम धाम से मनाया केक काटकर मिठाई वितरित की गयी । सुबह से ही बधाई देने वालों का उनके निवास पर तांता लगा रहा। जाटव को फूल माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। सोशल मीडिया पर भी बधाई देने वालों सिलसिला जारी रहा।इस मोके पर गरीब व मूक जीव को खाना खिलाया। बधाई देने वालों में सरपंच गण, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, क्षेत्र के पत्रकार सहित गणमान्य लोगों ने शुभकामनाएं दी और लम्बी उम्र की कामनाएं की। समय सिंह जाटव ने सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए आभार प्रकट किया और कहा कि आप लोगों का प्यार और आशीर्वाद हमेशा बना रहे।

### महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस पर नदबई में विशाल शौर्य मार्च का आयोजन

चमकता राजस्थान



**रूपवास।** भरतपुर, 25 दिसंबर 2024: जिले के नदबई क्षेत्र में महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस के अवसर पर विशाल शौर्य मार्च का आयोजन किया गया। यह मार्च पालिका अध्यक्ष हरवती सिनसिनवार और पूर्व उप प्रधान गोविंद सिंह चौधरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। शौर्य मार्च रेलवे स्टेशन से शुरू होकर नगर रोड़ चुंगी पर संपन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मार्च में शामिल हुए और महाराजा सूरजमल का आकर्षक रथ सजाया गया। कस्बेवासियों ने जगह-जगह फूलों की वर्षा कर इस मार्च का जोरदार स्वागत किया।

इस मौके पर भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन की टीम ने रुपवास कस्बे में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप कुमार राज का जन्मदिन माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में गुलवीर सिंह, टीटू नदबई, संदीप देशवाल, विनोद सिनसिनवार, गज्जू, जोगेंद्र, राधे श्याम, सुजान, राजन, अंकित, जलसिंह, अनिल और अन्य स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# शरवरी गोदरेज प्रोफेशनल की पहली ब्रांड एंबेसडर बनीं

## ब्रांड ने हेयर स्टाइलिस्टों के बीच उत्कृष्टता का जश्न मनाया और गोदरेज प्रोफेशनल स्पॉटलाइट अवार्ड के विजेताओं की घोषणा की

चमकता राजस्थान

मुंबई। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) की ओर से हेयर कलर और हेयर केयर की पेशकश करने वाले प्रमुख प्रोफेशनल हेयर ब्रांड गोदरेज प्रोफेशनल ने बॉलीवुड की उभरती हुई स्टार शरवरी को अपना पहला ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। यह घोषणा गोदरेज प्रोफेशनल स्पॉटलाइट के ग्रैंड फिनाले में की गई, जो राष्ट्रीय स्तर पर हेयर स्टाइलिस्टों का जश्न मनाने वाला एक मंच है। मुंज्या, महाराज और वेद जैसी फिल्मों में अपने बेहतरीन अभिनय के लिए जानी जाने वाली शरवरी स्टाइल, आत्मविश्वास और सशक्तिकरण के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता को बखूबी दर्शाती हैं। उनका फैशन-फॉरवर्ड व्यक्तित्व और मूल्य गोदरेज प्रोफेशनल के साथ सहजता से मेल खाते हैं, जो उन्हें ब्रांड का आदर्श चेहरा बनाते हैं।

इस विकास पर टिप्पणी करते हुए, गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) के महाप्रबंधक अभिनव ग्रांधी ने कहा, ₹हम गोदरेज प्रोफेशनल के लिए शरवरी को पहला ब्रांड एंबेसडर बनाने के लिए उत्साहित हैं। फैशन और लाइफस्टाइल आइकन होने के नाते, शर्वरी के पास लाखों लोग हैं जो उनकी बेदाग स्टाइल और ग्रेस के लिए उनका सम्मान करते हैं। गोदरेज प्रोफेशनल के साथ उनका जुड़ाव ऐसे समय में हुआ है जब हम आगे बढ़ रहे हैं और हेयर और ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना विस्तार जारी रख रहे हैं।

इस गठजोड़ के बारे में अपनी खुशी व्यक्त करते हुए, शरवरी ने कहा, ₹गोदरेज प्रोफेशनल के लिए पहली ब्रांड एंबेसडर बनना सम्मान की बात है। गोदरेज 120 से अधिक वर्षों से भारतीय घरों में एक विश्वसनीय नाम रहा है और इसने देश में हेयर कलर श्रेणी में वास्तव में क्रांति ला दी है। वे अपने अभिनव और उच्च गुणवत्ता वाले हेयर कलर रेंज जैसे डाइमेंशन और कलरप्ले के लिए जाने जाते हैं। बाल हमेशा से मेरी शैली का एक परिभाषित हिस्सा रहे हैं - चाहे मैं स्क्रीन पर किसी किरदार को निभा रही हूं या रेड कार्पेट पर लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही हूं जब गोदरेज प्रोफेशनल का प्रतिनिधित्व करने के लिए मुझसे संपर्क किया गया, तो मैं रोमांचित हो गई क्योंकि यह मेरी व्यक्तिगत शैली से मेल खाता है।

शरवरी ने 2025 के ट्रेंडिंग हेयर कलर और स्टाइलिंग लुक को पेश करते हुए शोस्टॉपर के रूप में अपनी छाप छोड़ी। इस शानदार शोकेस को गोदरेज प्रोफेशनल की शानदार तिकड़ी ने क्यूरेट किया: यियानी त्सापेटोरी, क्रिएटिव डायरेक्टर - हेयर; शैलेश मूल्या, नेशनल टेक्निकल हेड; और नजीब-उर-रहमान, टेक्निकल एम्बेसडर। गोदरेज प्रोफेशनल ने अपने हेयर कलर की डाइमेंशन और कलरप्ले रेंज भी प्रदर्शित की। अपने ब्रांड एंबेसडर के एलान के साथ-साथ, गोदरेज प्रोफेशनल ने स्पॉटलाइट के विजेताओं की घोषणा की, जो राष्ट्रीय मंच पर हेयर स्टाइलिस्टों की रचनात्मकता का जश्न मनाने वाला एक मंच है। प्राप्त 400 से अधिक प्रविष्टियों में से; 30 फाइनलिस्ट ने एक भव्य हेयर शो में क्यूरेट किए गए हेयर कलर लुक दिखाए। राजकोट स्थित बोनान्ज़ा ब्यूटी लाउंज के भाविन बावलिया ने प्रथम स्थान जीता, उन्हें 5 लाख रुपये और एक सेलिब्रिटी के साथ सहयोग करने का मौका मिला, जो उनके करियर में एक मील का पत्थर था। कोलकाता के कैक्सो अकादमी की प्रियंका सिन्हा ने 2.5 लाख रुपये के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि बेंगलुरु के लालतलान किमी - लव सैलून ने 1.5 लाख रुपये के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट यियानी त्सापटोरी, (क्रिएटिव डायरेक्टर - हेयर, गोदरेज प्रोफेशनल); मोनिका बहल (ब्यूटी एंड वेलनेस सेक्टर स्किल काउंसिल की सीईओ); और कनिष्क रामचंदानी (संपादक, प्रोफेशनल ब्यूटी हेयरड्रेसर्स जर्नल इंडिया); विशेष अतिथि जूरी - अभिनेत्री अदा खान और हेली शाह के साथ, विजेताओं का चयन किया।.

स्पॉटलाइट के माध्यम से, 30 शॉर्टलिस्ट किए गए हेयर स्टाइलिस्टों ने कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (ठउश्एळ) के एक पुरस्कार देने वाले निकाय, ब्यूटी एंड वेलनेस सेक्टर स्किल काउंसिल (इ&हररउ) से 'पूर्व शिक्षण की मान्यता' प्रमाणन कार्यक्रम प्राप्त किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से, हेयर स्टाइलिस्टों को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय कौशल योग्यता रूपरेखा (ठरदत्रा) से संबद्ध प्रमाणन प्राप्त हुआ। 30 हेयर स्टाइलिस्ट अब पेशेवर प्रयासों के लिए ऋण प्राप्त करने के लिए प्रमाणपत्र का उपयोग कर सकते हैं। गोदरेज प्रोफेशनल स्पॉटलाइट को इंडस्ट्री ट्रेड पार्टनर के रूप में ब्यूटी एंड वेलनेस सेक्टर स्किल काउंसिल (इ&हररउ) और ट्रेड मीडिया पार्टनर के रूप में प्रोफेशनल ब्यूटी हेयरड्रेसर्स जर्नल इंडिया द्वारा समर्थित किया जाता है।.

ब्यूटी एंड वेलनेस सेक्टर स्किल काउंसिल (बीएंडडब्ल्यूएसएससी) की सीईओ मोनिका बहल ने इस पहल के प्रभाव पर जोर देते हुए कहा, ₹गोदरेज प्रोफेशनल स्पॉटलाइट इस बात का एक शानदार उदाहरण है कि कैसे कौशल विकास और उद्योग सहयोग भारत भर में हेयरस्टाइलिस्टों के लिए विकास और मान्यता को बढ़ावा दे सकता है। गोदरेज प्रोफेशनल के साथ साझेदारी करके, हम भारतीय प्रतिभा को वैश्विक मानकों तक बढ़ा रहे हैं और ऐसे अवसर पैदा कर रहे हैं जो सैलून पेशेवरों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करते हैं।''

गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) के अभिनव ग्रांधी ने कहा, 'गोदरेज प्रोफेशनल स्पॉटलाइट को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया से हम बेहद गौरवान्वित हैं। यह मंच न केवल प्रतिभाशाली हेयरस्टाइलिस्टों को अपनी रचनात्मकता दिखाने का अवसर प्रदान करता है, बल्कि शिक्षा और प्रशिक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। इस पहल के माध्यम से, हमारा लक्ष्य स्टाइलिस्टों को तेजी से प्रतिस्पर्धी बाजार में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल और अनुभव प्रदान करना है। यह भारत के सैलून पेशेवरों को पोषित करने और उनका उत्थान करने की हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता की दिशा में हमारे कदमों में से एक है। हेयर आर्टिस्ट्री और फैशन की भावना का जश्न मनाने वाले गोदरेज प्रोफेशनल स्पॉटलाइट कार्यक्रम में 300 से अधिक हेयर स्टाइलिस्ट शामिल हुए। ग्लैमर को और बढ़ाते हुए, प्रसिद्ध अभिनेता करणवीर बोहरा ने इस कार्यक्रम की मेजबानी की, जिससे यह प्रतिभा और रचनात्मकता का एक यादगार उत्सव बन गया।

## संक्षिप्त समाचार

### भूकंप के झटकों से दहले रोहतक और आसपास के जिले, लोगों में दहशत




**रोहतक/एजेंसी।** हरियाणा के रोहतक और उसके आसपास के जिलों में बुधवार को दोपहर करीब 12:28 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए, जिससे लोग दहशत में अपने घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। ये झटके करीब पांच सेकंड तक जारी रहे, और लोग एक-दूसरे को सचेत करते हुए सड़कों पर आ गए। रोहतक के सेक्टर-4 समेत अन्य इलाकों में लोग पार्कों और खुली जगहों पर इकट्ठा हो गए, ताकि सुरक्षित रह सकें। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि कई घरों और इमारतों में रखे सामान भी हिलते हुए दिखाई दिए। हालांकि, भूकंप के केंद्र और इसकी तीव्रता की अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है।

अभी तक किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और सतर्क रहें। भूकंप के बाद कुछ देर तक सामान्य जनजीवन में हलचल मच गई, लेकिन अब स्थिति सामान्य हो गई है। स्थानीय प्रशासन और आपातकालीन सेवाएं स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

### 12 लाख रुपये कीमत की 103.71 ग्राम एमडीएमए ड्रग सहित तीन गिरफ्तार

**जयपुर/एजेंसी।** नए साल के जश्न से पहले प्रोएक्टिव पुलिसिंग के तहत प्रदेश में एजीटीएफ एवं स्थानीय पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही है। एजीटीएफ की सूचना पर मंगलवार रात उदयपुर जिले की सुखेर थाना पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर 103.71 ग्राम एमडीएमए व तीन मोबाइल फोन जब्त किए है। जप्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 12 लाख रुपए आंकी गई है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि उपमहानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशा राम चौधरी के सुपरविजन में गैंगस्टर्स, वांटेड क्रिमिनल एवं तस्करों के बारे में आ सूचना संकलन व धरपकड़ के लिए पुलिस मुख्यालय से एजीटीएफ की विभिन्न टीमों को अलग-अलग शहरों में रवाना किया गया है।

आसूचना संकलन के दौरान टीम के सदस्य हेड कांस्टेबल महावीर सिंह एवं कांस्टेबल नरेंद्र पाटीदार को मंगलवार को पुख्ता सूचना मिली कि तीन युवको के पास भारी मात्रा में ड्रग्स है जो अभी सूखेर थाना इलाके में है। इसके बारे में सूचना टीम ने तुरंत एसएचओ सुखेर को दी। भैरव गढ 200 फीट रोड पर तीन युवा उम्र के सन्दिग्ध लडके पुलिस को खड़े दिखाई दिए, जो आपस में बाते कर रहे थे। पुलिस वाहन देख कर अचानक वे हडबडा कर भागने लगे।

सुखेर थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीनो युवकों को रोककर भागने का कारण पूछा तो तीनों युवक कोई संतोषप्रद जबाव नही दे पाए। तीनो की गतिविधिया संदिग्ध लगने पर नाम पता पूछा तो एक ने आदिल छीपा पुत्र मोहम्मद अशफाक (22) पेशा प्राईवेट नौकरी निवासी देहली गेट, थाना कोतवाली चितौडगढ, दुसरे ने समीर छीपा पुत्र महबुब (22) पेशा पढाई निवासी छीपा मोहल्ला आयड, थाना भुपालपुरा जिला उदयपुर व तीसरे ने अपना नाम अब्बु फैजान पुत्र रसीद मोहम्मद (22) निवासी गणेष नगर पायडा थाना प्रतापनगर उदयपुर बताया।

तलाशी में आदिल के पास से 39.92 ग्राम एमडीएमए ड्रग, समीर के पास से 33.74 ग्राम एवं अब्बु फैजान के पास 30.05 ग्राम कुल 103 ग्राम 71 मिलीग्राम एमडीएमए ड्रग एवं तीन मोबाइल जब्त किये गए। मादक पदार्थ एमडी ड्रग कहां से खरीदा गया के बारे में पूछा गया तो तीनो ने बताया कि उनके पास ड्रग खरीदने के पैसे नहीं थे तो उन्होंने अपने ताऊ के लड़के आसिफ की बुलेट बाइक अंजुमन मुखर्जी चौक निवासी लक्की उर्फ छोटा फरहान के पास गिरवी रख उससे ड्रग खरीदी है। जिसे वे आगे सप्लाई करने जा रहे थे।

अवैध मादक पदार्थ 103.71 ग्राम एमडीएमए ड्रग एवं तीनों मोबाइल जप्त कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया जाकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस के तहत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों आदिल छीपा समीर छीपा एवं अब्बू फैजान से पुलिस इनके नेटवर्क एवं अन्य अपराधिक घटनाओं के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी के सुपरविजन में की गई इस कार्रवाई में एजीटीएफ से हेड कांस्टेबल महावीर सिंह एवं कांस्टेबल नरेंद्र पाटीदार की विशेष भूमिका रही, वहीं एसएचओ सुखेर हिमांशु सिंह एवं उनकी टीम का भी शानदार योगदान रहा।

### यूपी : रात में देर से घर पहुंची बहन और करने लगी झगड़ा, भाई ने पीट पीटकर मार डाला

**देवरिया/एजेंसी।** यूपी के देवरिया से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां रुद्रपुर थाना क्षेत्र के लाला टोली में बीती रात एक भाई ने अपनी ही बहन के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर उसकी निर्मम हत्या कर दी। हत्या का कारण मामूली विवाद बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुच गई। वहीं एसपी विक्रांत वीर ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और कहा कि 35 वर्षीय रानी गुप्ता के सगे भाई ब्रम्हा गुप्ता ने लोहे की रॉड से मार मारकर उसकी हत्या कर दी है। ब्रम्हा गुप्ता हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस टीम मौके से साक्ष्य इकट्ठा कर रही है।

● **देर से घर आई बहन तो भाई ने कर दी हत्या**

मृतका की मां की तहरीर पर भाई के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। एसपी ने बताया कि रुद्रपुर के लाला टोली वार्ड की रहने वाली रानी गुप्ता रात करीब 9:30 बजे कहीं से घूम कर घर पहुंची। देर से घर आने को लेकर परिजनों ने उससे पूछताछ की तो वह उनसे झगडने लगी। उसी दौरान भाई ब्रम्हा ने टोका तो वह उससे भी उलझ गई। इससे नाराज भाई ने घर में रखे लोहे के राड से रानी पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया। इस घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

रात करीब 11:00 बजे रानी गुप्ता की मां सावित्री देवी ने पुलिस को जानकारी दी। एसपी विक्रांत वीर ने कहा कि घरेलू झगड़े में एक भाई ने लोहे के राड से मार कर बहन की हत्या कर दी है।

**मंदिर समिति के सदस्यों की ओर से हुआ केंद्रीय मंत्री चौधरी का स्वागत अभिनंदन**

# भैरव धाम राजगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, भक्तों ने किया स्वागत

**केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने मसाणिया भैरव धाम में मनोकामना पूरण महोत्सव में लिया हिस्सा**

चमकता राजस्थान



**जयपुर/राजगढ़ (खलील कुरैशी) (अजमेर), 25 दिसंबर 2024** केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री एवं स्थानीय सांसद भागीरथ चौधरी ने बुधवार को अजमेर संसदीय क्षेत्र के राजगढ़ स्थित मसाणिया भैरव धाम में आयोजित मनोकामना पूरण महोत्सव में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं, भक्तों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद किया और भक्ति व श्रद्धा के इस अद्भुत आयोजन का हिस्सा बनकर आशीर्वाद प्राप्त किया।कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने मुख्य उपासक चंपालाल महाराज से आत्मीय मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया और भैरव बाबा की कृपा से देश, प्रदेश और क्षेत्र के विकास के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर उन्होंने भैरव बाबा के भक्तों और मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा किए गए स्वागत और अभिनंदन के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि मसाणिया भैरव धाम पूरे क्षेत्र में आस्था और श्रद्धा का केंद्र है। यहां आने से जो आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा प्राप्त होती है, वह अनमोल है। इस महोत्सव ने समाज को एकजुटता और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है।उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए मंदिर ट्रस्ट और समस्त श्रद्धालुओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मकता और समर्पण की भावना बढ़ती है।

## महिला सशक्तिकरण के तहत सिलाई कोर्स पूर्ण होने पर सिलाई कोर्स से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया

चमकता राजस्थान



**जयपुर ( खलील कुरैशी)** दिनांक 24/12/2024 को उत्तर मध्य रेलवे आगरा के महिला कल्याण संगठन द्वारा महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत संचालित सिलाई केंद्र की प्रशिक्षुओं के मध्य सिलाई कोर्स पूर्ण होने पर सिलाई कोर्स से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया।सिलाई कोर्स के प्रमाण पत्रों के वितरण के कार्यक्रम का आयोजन उन्नति सिलाई केंद्र,ऑफिसर्स कॉलोनी, आगरा में किया गया। इस उपलक्ष्य में महिला संगठन की अध्यक्षा रितु अग्रवाल के द्वारा महिलाओं को सशक्त बनने तथा अधिक कौशल विकास करने पर जोर दिया तथा समाज में महिलाओं को अधिक योगदान देने पर बल दिया। इस कार्यक्रम में महिला संगठन की अध्यक्षा रितु अग्रवाल के साथ साथ सचिव अदिति मित्तल,कोषाध्यक्ष, मानसी सिंह, रेनू सिंह तथा संगठन की अन्य सदस्याओ ने भाग लिया और प्रशिक्षुओं को सिलाई के माध्यम से सशक्त होने पर बल दिया।

### भीम आर्मी भारत एकता मिशन की बैठक में कार्यकारिणी का गठन, बाबा साहब की विचारधारा पर हुई चर्चा



**चमकता राजस्थान। रूपवास। भरतपुर।** जिले के रुपवास कस्बे स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर पार्क, रुदावल में आज भीम आर्मी भारत एकता मिशन की बैठक का आयोजन जिला उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश शेरू की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला अध्यक्ष बच्चू सिंह कारई रहे। बैठक में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर और काशीराम की विचारधारा पर चर्चा की गई, साथ ही बहुजन समाज को जागरूक करने और उनके हितों को आगे बढ़ाने के बारे में विचार किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से भीम आर्मी भारत एकता मिशन संगठन की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवीन कार्यकारिणी में चंद्रशेखर ठेकेदार को विधानसभा प्रभारी बयाना-रुपवास, दिनेश टाइगर को तहसील अध्यक्ष रुदावल, सुनील कुमार को तहसील सचिव रुदावल, और शिशुपाल सिंह को शहर उपाध्यक्ष रुदावल के पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष नीकेश, प्रताप सिंह, गब्बर, मोहन दास, जगदीश, लोकेंद्र और अन्य सदस्य मौजूद थे।

## ईडी-सीबीआई की मीटिंग हो गई, आतिशी को गिरफ्तार करने का बनाया गया प्लान: केजरीवाल

**नई दिल्ली/एजेंसी।**



आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के मुताबिक मुख्यमंत्री आतिशी को गिरफ्तारी किया जा सकता है। केजरीवाल को ये भी आशंका है कि आप के कई वरिष्ठ नेताओं पर रेड डाली जा सकती है।

अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा, महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना से ये लोग बुरी तरह से बौखला गए हैं। अगले कुछ दिनों में फर्जी केस बनाकर आतिशी जी को गिरफ्तार करने का इन्होंने प्लान बनाया है। उसके पहले 'आप' के सीनियर नेताओं पर रेड की जाएगी।

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, मुझे कुछ दिन पहले ही अपने सूत्रों पता चला है कि श्वष्ठ, द्बञ्ज और ष्टक्चढ्ढ की मीटिंग हुई है, उस बैठक में ऊपर से आदेश आए हैं कि कुछ भी फर्जी केस लगाकर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को गिरफ्तार किया जाए। ये मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ बहुत बड़ा आरोप लगा रहा हूं कि इन एजेंसियों को ऊपर से कहा गया है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया जाए... उन्हें ये भी कहा गया है गिरफ्तारी से पहले आप के सभी बड़े नेताओं पर रेड होगी।

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा, दिल्ली में महिलाओं की फ्री बस यात्रा को रोकने के लिए एक फर्जी केस मेरे ऊपर करने का प्रयास किया जा रहा है। हमने आज तक ईमानदारी से काम किया है और ईमानदारी से काम करेंगे। इसलिए मुझे पूरा भरोसा है कि अगर इनकी एजेंसियां मुझे झूठे केस में गिरफ्तार करती है तो अंत में जीत सच्चाई की होगी। मुझे न्याय व्यवस्था और संविधान पर भरोसा है कि झूठे केस के बाद भी हमें बेल मिलगी...दिल्ली की जनता सब देख रही है, दिल्ली की जनता भाजपा को जवाब देगी।

इससे पहले आम आदमी पार्टी ने महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना का रजिस्ट्रेशन करवाने की अपील की थी। इस पर महिला एवं बाल विकास विभाग (डब्ल्यूसीडी) और स्वास्थ्य विभाग ने बयान जारी कर यह बताया कि दिल्ली प्रदेश में ऐसी कोई योजना नहीं है।

महिला एवं बाल विकास विभाग (डब्ल्यूसीडी) ने एक सार्वजनिक सूचना जारी कर नागरिकों को 'मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना' नामक एक गैर-मौजूद योजना से संबंधित धोखाधड़ी गतिविधियों के बारे में सचेत किया है। विभाग ने स्पष्ट किया कि दिल्ली सरकार ने इस नाम से कोई योजना घोषित नहीं की है और इस नाम पर धनराशि वितरित करने के दावे झूठे हैं। दिल्ली के नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे इस योजना का प्रतिनिधित्व करने का दावा करने वाले किसी भी व्यक्ति या राजनीतिक पार्टी से अपने व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें, क्योंकि इससे साइबर अपराध या बैंकिंग धोखाधड़ी हो सकती है। डब्ल्यूसीडी विभाग इन धोखाधड़ी गतिविधियों और उनसे उत्पन्न होने वाली देनदारियों के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

दिल्ली स्वास्थ्य विभाग ने संजीवनी योजना के बारे स्पष्ट किया कि ऐसी कोई योजना अस्तित्व में नहीं है। कुछ अवैध व्यक्तियों ने पंजीकरण अभियान चलाया है, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों से आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण सहित व्यक्तिगत जानकारी मांगी जा रही है और नकली स्वास्थ्य योजना कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। दिल्ली स्वास्थ्य विभाग ने जनता से अपील की है कि वे इस गैर-मौजूद योजना के तहत मुफ्त इलाज के वादों पर विश्वास न करें, अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें और इससे संबंधित दस्तावेजों पर हस्ताक्षर न करे।

### एमरल्ड- खनन पर रोक के जेमफील्ड का निर्णय दूरगामी असर डालेगा- जयपुर चैम्बर

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** जयपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने रत्न एवं आभूषण उद्योग में जेमफील्ड्स के खनन रोके जाने के निर्णय का स्वागत किया है। यह उल्लेखनीय है दुनिया की बड़ी माइनिंग कंपनी जेमफील्ड्स ने कुछ दिन पूर्व (एमराल्ड) पन्ना और रूबी की नीलामी प्रक्रिया पर चार प्रमुख प्रभाव डालने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए रणनीतिक कदम उठाए हैं।इन चुनौतियों में ज़ाम्बियाई पन्नों की बढ़ती आपूर्ति, उच्च क्वालिटी के रूबी उत्पादन में कमी, चीन के आर्थिक मुद्दों के कारण कमजोर लक्जरी बाजार, तथा मोज़ाम्बिक में लॉजिस्टिक्स पर नागरिक अशांति का प्रभाव शामिल हैं। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, जेमफील्ड्स ने खर्चों में कटौती, ज़ाम्बिया के काजेम खदान में खनन स्थगित करने और मोज़ाम्बिक में गैर-आवश्यक खर्च रोकने का निर्णय लिया है। साथ ही, कंपनी 2025 के मध्य तक मोंटेपेज़ में दूसरा रूबी प्रोसेसिंग प्लांट पूरा करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।जयपुर चैंबर का मानना है कि जेमफील्ड्स के ये कदम रत्न व आभूषण को स्थिरता प्रदान करेंगे और दीर्घकालिक बाज़ार में इन दो रत्नों पन्ना व माणक के दामों को स्थायित्व प्रदान करेंगे। और ग्राहकों की माँग मजबूत होगी। जयपुर चैंबर के अनुसार जयपुर के कच्चे माल की बड़ी ज़रूरत जेमफ़ील्ड पूरी करती है अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में पन्ने व माणक की सप्लाई व दामों पर समन्वय हेतु यह एक सकारात्मक पहल है।

### अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर हरियाणा में मनाया गया सुशासन दिवस

**चंडीगढ़/एजेंसी।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर पूरे देश के साथ-साथ हरियाणा में भी सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी को उनकी दूरदर्शिता, कुशल नेतृत्व और जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए याद किया जाता है। इस दिन को खास बनाने के लिए हरियाणा के विभिन्न जिलों में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सुशासन दिवस राज्य स्तरीय कार्यक्रम गुरुग्राम विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी और उनके द्वारा स्थापित उच्च आदर्शों को याद किया। उन्होंने कहा कि अटल जी के नेतृत्व ने न केवल भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिलाई, बल्कि उनके शासन में पारदर्शिता और जनता के प्रति जवाबदेही को एक नई दिशा मिली।

## 25 दिसंबर 2024 को दीन दुःखी दिव्यांग सेवा संस्था अजमेर के 7 वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर संस्था के द्वारा चयन समिति द्वारा चयनित जरूरतमंद को राशन सामग्री एवं सर्दी के लिए कंबल वितरित किए जाएंगे

चमकता राजस्थान

**रघुनंदन पारीक श्रीनगर/अजमेर।** दीन दुःखी दिव्यांग सेवा संस्था अजमेर के जिला प्रचार मंत्री पीयूष सुराणा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी संस्था के द्वारा जरूरतमंद लोगों को राशन सामग्री और सर्दी से बचाव के लिए कंबल वितरित किए जाएंगे। संरक्षक डॉ नासिर मौहम्मद मदनी,संस्था की संस्थापिका भगवती देवी जिलाअध्यक्ष महेंद्र जोशी के सानिध्य में ये कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम में संस्था के द्वारा चयन समिति द्वारा चयनित जरूरतमंद को राशन सामग्री एवं सर्दी के लिए कंबल वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में संस्था के महेंद्र कुमार जोशी,महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉक्टर ममनून फातिमा,महासचिव मुबशिर हसन खान,प्रचार मंत्री पीयूष सुराणा,सदस्य भोमराज गुर्जर, रियाज मंसूरी, मुकेश जोशी, प्रकाश खन्ना, मुकेश मौर्य,चंद्र प्रकाश खत्री, नीलम सबलानिया,दीपा पारवानी, गौरव जोशी एवं अन्य सदस्य गण कार्यक्रम में शामिल होंगे सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।



# संक्षिप्त खबरें

## बॉक्सिंग डे टेस्ट से बाहर हुए राशिद खान



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के स्टार खिलाड़ी राशिद खान निजी कारणों से जिम्बाब्वे के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के शुरूआती टेस्ट से बाहर हो गए हैं। 26 वर्षीय राशिद अपनी पीठ की चोट के बाद अपने चिकित्सक की सलाह के अनुसार लाल गेंद वाले क्रिकेट से दूर थे और इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से चूक गए। बाद में, अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने घोषणा की कि वह नवंबर तक टेस्ट क्रिकेट से दूर रहेंगे और इस बात पर संदेह था कि वह जिम्बाब्वे दौरे के लिए टेस्ट टीम में जगह बना पाएंगे या नहीं। हालांकि, राशिद को अंततः बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में 26 दिसंबर से शुरू होने वाली श्रृंखला के लिए 18 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। मंगलवार को दिग्गज लेग स्पिनर ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर अपनी एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह नीदरलैंड में पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं। उसी दिन अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुलावायो में अपनी टीम की पहले टेस्ट के लिए तैयारियों की तस्वीरें पोस्ट की थीं। एसीबी द्वारा शेयर की गई उन तस्वीरों में राशिद का कोई निशान नहीं था।

## नेशनल साफ्ट टेनिसः चंडीगढ़ रवाना हुई टीम



**लखनऊ।** 19वीं जूनियर नेशनल सॉफ्ट टेनिस चैम्पियनशिप 27 दिसम्बर से चंडीगढ़ में शुरू हो रही है। इस चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने के लिए उप्र की टीम का चयन हो गया है। इन खिखाड़ियों को बुधवार को किट वितरित किया गया। इसके साथ ही टीम चंडीगढ़ के लिए रवाना हो गयी। चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने वाली टीम में बालक वर्ग में यश पटेल, अनुज पांडे, राज पांडे, साहिल सिंह, विवेक, ओमकार जोशी, आराध्य चौहान एवं प्रशांत वर्मा शामिल हैं। वहीं बालिका वर्ग में अनुष्का, खुशी, नव्या, सोनाली, जमजम, संस्कृति, रिषिभा एवं स्वास्तिका शामिल हैं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मृत्युंजय साहनी, कोषाध्यक्ष राजेश मिश्रा, एवं महासचिव प्रशांत शर्मा उपस्थित रहे। इन्होंने खिलाड़ियों को नेशनल सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। मृत्युंजय साहनी ने उम्मीद जतायी कि चंडीगढ़ में खिलाड़ी अब तक का सबसे बेहतर प्रदर्शन करेंगे और मेडल अपने नाम कर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

## राफिन्हा अपने मूल क्लब कोरीतिबा में लौटे



**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के पूर्व अंतरराष्ट्रीय डिफेंडर राफिन्हा ने अपने मूल क्लब कोरीतिबा में मुफ्त ट्रांसफर पर फिर से शामिल होने पर सहमति व्यक्त की है। ब्राजील के सेरी बी क्लब ने मंगलवार को यह जानकारी दी। 39 वर्षीय खिलाड़ी ने इस महीने की शुरूआत में साओ पाउलो से अलग होने के बाद इस क्लब के साथ एक साल का अनुबंध किया है, जिससे उनके पेशेवर करियर की शुरूआत हुई थी। राफिन्हा ने सोशल मीडिया पर प्रकाशित एक वीडियो में कहा, मैं आपको यह बताने के लिए यहां हूं कि मैं लगभग 20 साल पहले जब मैं यहां से गया था, तो मैंने जो वादा किया था, उसे पूरा करने में मैं कभी असफल नहीं हो सकता। मैं एक बच्चे के रूप में यहां से चला गया था और आज मैं कोरीतिबा को उसके मूल स्थान पर वापस लाने में मदद करने के लिए वापस आया हूं। 2005 में राफिन्हा कोरीतिबा छोड़कर जर्मनी के शाल्के में शामिल हो गए और उसके बाद से राइट-बैक ने जेनोआ, बायर्न म्यूनिख और फ्लेमेंगो सहित अन्य क्लबों में खेला है। वह ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के लिए चार बार खेल चुके हैं।

# भारतीय हॉकी को शीर्ष पर ले जाएगा एचआईएल : ललित

एजेंसी

**राउरकेला।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) टीम यूपी रुद्रास के फॉरवर्ड ललित कुमार उपाध्याय राउरकेला में वेदांत कलिंगा लांसर्स का सामना करने के लिए एक सप्ताह से प्रशिक्षण ले रहे हैं। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता, ललित अपने शुरूआती करियर को आकार देने और राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह के लिए लड़ने का अवसर प्रदान करने का श्रेय एचआईएल को देते हैं। हॉकी इंडिया की ओर से जारी एक बयान में ललित ने कहा, जब लीग की शुरूआत हुई, तो यह भारतीय खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा मंच था। इससे हमें अपनी प्रतिभा दिखाने और सीधे टीम में जगह बनाने का मौका मिला।" उन्होंने लीग द्वारा प्रदान की गई वित्तीय और पेशेवर सहायता पर



> ललित की यात्रा 2013 में एचआईएल के पिछले संस्करण के दौरान शुरू हुई थी

प्रकाश डाला, और खेल की प्रोफाइल को ऊपर उठाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, इससे हमें उन दिग्गजों के साथ खेलने का अनुभव मिला जिन्हें हमने केवल टीवी पर देखा था। ऐसे आइकनों के साथ मैदान साझा करने से हमारा आत्मविश्वास बढ़ा और प्रतिस्पर्धी परिदृश्यों में हम और अधिक सहज हो गए। पहली एचआईएल के बाद भारत का प्रदर्शन ग्राफ ऊपर गया, और अब लीग की वापसी के साथ, मुझे यकीन है कि यह हमें शीर्ष पर ले जाएगा और हमें वहां बने रहने में मदद करेगा। कलिंगा लांसर्स के साथ ललित की यात्रा 2013 में एचआईएल के पिछले संस्करण के दौरान शुरू हुई थी। इस मंच ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने और भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए रास्ता बनाने की अनुमति दी। लीग में अपने समय को दशार्ते हुए, ललित ने अपने तीन सबसे पसंदीदा एचआईएल क्षण साझा किए। उन्होंने कहा, मैं 2013 में जूनियर विश्व कप के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम से बाहर था, लेकिन एक कलिंगा लांसर के रूप में, मैंने यूपी टीम के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ गोल किया।

# मो. रिजवान, पीसीबी प्रमुख ने की चैंपियंस ट्रॉफी कार्यक्रम की सराहना

## जय शाह उत्साहित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने मंगलवार को चैंपियंस ट्रॉफी को हाइब्रिड मॉडल में आयोजित करने के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के फैसले को देश के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर करार दिया। पाकिस्तान 28 साल बाद किसी आईसीसी इवेंट की मेजबानी करेगा, क्योंकि यहां आखिरी वैश्विक टूर्नामेंट 1996 विश्व कप था, जिसका संयुक्त मेजबान भारत भी था। पीसीबी मीडिया विज्ञप्ति में रिजवान ने कहा, एक क्रिकेट प्रेमी देश के रूप में, हम सभी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। यह एक शानदार अवसर है क्योंकि पाकिस्तान 28 वर्षों में अपने तटों पर पहली बार




आईसीसी इवेंट का स्वागत कर रहा है और खासकर इसलिए क्योंकि हम गत विजेता हैं। हम अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलने के लिए उत्सुक हैं। हाइब्रिड मॉडल का मतलब है कि भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा और 23 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला होगा। नकवी हाइब्रिड सिस्टम के तहत शोपीस के एक हिस्से की मेजबानी पाकिस्तान द्वारा किए जाने से बहुत खुश हैं।

# हरमनप्रीत ने की बल्लेबाजों की तारीफ



एजेंसी

**वडोदरा।** वेस्टइंडीज खिलाफ तीन मैचों की एकदिनी सीरीज के दूसरे वनडे में 115 रन की जीत के बाद, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपने बल्लेबाजों की जमकर तारीफ की। दाएं हाथ की बल्लेबाज हरलीन देओल की दमदार पारी और गेंदबाजों के सामूहिक प्रयास से भारतीय महिला टीम ने मंगलवार को कोटांबी स्टेडियम में तीन मैचों की सीरीज के दूसरे वनडे में कैरेबियाई टीम पर 115 रनों से जीत दर्ज की। कौर ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा, हमने वही किया जिसकी हमें उम्मीद थी। जिस तरह से हमारे सलामी बल्लेबाजों ने हमें शुरूआत दी, उसके बाद हरलीन की बल्लेबाजी और जेमी ने भी टीम का साथ दिया। जिस तरह से हमने बल्लेबाजी की, उससे निश्चित रूप से वाकई बहुत खुश हूं।

## भारतीय गेंदबाजों ने भारत को दिलाई जीत

हमने बोर्ड पर अच्छा स्कोर बनाया था और जिस तरह से हमारे गेंदबाज गेंदबाजी कर रहे थे, हमें उन पर भरोसा था कि वे किसी भी समय विकेट लेकर मैच का रुख बदल सकते हैं। हमारे गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। बीच में, हमने कुछ रन गंवाए लेकिन फिर दीप्ति ने वापसी की, रन कम बनाए रखे और फिर तीतास ने वापसी की और दूसरे छोर से विकेट लिया। 359 रनों का पीछा करते हुए, वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज ने मेहमान टीम के लिए आगे बढ़कर नेतृत्व किया, उन्होंने 109 गेंदों पर 106 रनों की शानदार पारी खेलकर एक छोर संभाले रखा, लेकिन प्रिया मिश्रा की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन कर भारत को जीत दिलाई। इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम के लिए शीर्ष क्रम ने शानदार प्रदर्शन किया, स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल ने भारत को शानदार शुरूआत दिलाई, उन्होंने पहले विकेट के लिए 110 रनों की साझेदारी की, लेकिन मंधाना 53 रन बनाकर आउट हो गईं।

# पहले खो-खो विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया तैयार

## पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में लेगा हिस्सा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया 13-19 जनवरी, 2025 के बीच दिल्ली में होने वाले पहले विश्व कप का हिस्सा बनने के लिए तैयार है। ऑस्ट्रेलिया की ताकतवर टीम हमेशा से ही अपनी समृद्ध खेल संस्कृति के लिए जानी जाती है। क्रिकेट से लेकर रग्बी तक, वे हमेशा से ही अपनी ताकत का लोहा मनवाते आए हैं और खो-खो में भी वे अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार हैं, जहां वे पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में भाग लेंगे।

15 खिलाड़ियों वाली प्रत्येक टीम में, कुछ भारतीयों के अलावा, ऑस्ट्रेलियाई मूल के 6 पुरुष और 8 महिला खिलाड़ी भी हैं। टीम के एक सदस्य गस डॉडल ने भारत आने और इतिहास का हिस्सा बनने पर खुशी और उत्साह व्यक्त किया। खो को फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से जारी एक बयान में उन्होंने कहा, एक महान खेल राष्ट्र के रूप में ऑस्ट्रेलिया का



प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है, हम हमेशा ऐसे खेलों को आजमाने के लिए तैयार रहते हैं जिन्हें हमने पहले नहीं खेला है और मेरे लिए यह एक अद्भुत अवसर है कि मैं ऑस्ट्रेलिया के खेल मूल्यों जैसे निष्पक्ष खेल, प्रतिस्पर्धा और दृढ़ता को विश्व कप में ला पाऊं। मैंने पाया है कि यह बहुत तेज और कठिन खेल है। साथ ही, यह बहुत मजेदार है और मैं वैश्विक आयोजन में खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

इस खेल को देश के प्रशंसकों से बहुत समर्थन मिल रहा है और वे बहुत उत्साहित हैं कि एक ऑस्ट्रेलियाई टीम बहु-राष्ट्र टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करेगी।

उन्होंने कहा, हमें प्रशंसकों से बहुत समर्थन मिल रहा है, वे सभी यह जानकर बहुत उत्साहित हैं कि ऑस्ट्रेलिया की टीम विश्व कप में है। जो लोग खो-खो के बारे में जानते हैं, उनके लिए यह बहुत बढ़िया है और जो लोग इस खेल के बारे में पता लगा रहे हैं, वे सभी यह जानकर बहुत उत्साहित और गौरवान्वित हैं कि ऑस्ट्रेलिया की टीम है।

## बुमराह ने की अश्विन के रिकॉर्ड की बराबरी

**नई दिल्ली।** ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखला के तीसरे मैच में एक और बेहतरीन प्रदर्शन के बाद भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपने देश के किसी भी टेस्ट गेंदबाज द्वारा हासिल किए गए संयुक्त सर्वाधिक रेटिंग अंक के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। मैच में 94 रन देकर नौ विकेट लेने वाले बुमराह ने अपने खाते में 14 अंक जोड़े और 904 रेटिंग अंक तक पहुंच गए। इस आंकड़े तक हाल ही में संन्यास लेने वाले रविचंद्रन अश्विन दिसंबर 2016 में मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में पहुंचे थे।

### भारत के खिलाफ दूसरे वनडे में शतक लगाने पर मैथ्यूज ने कहा

# टीम में योगदान देना अच्छा है

एजेंसी

**वडोदरा।** वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हेले मैथ्यूज ने भारत के खिलाफ चल रही तीन एकदिनी मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच में शतकीय पारी खेलने के बाद खुशी व्यक्त की। दाएं हाथ की भारतीय बल्लेबाज हरलीन देओल की दमदार पारी और गेंदबाजों के सामूहिक प्रयास से भारत ने मंगलवार को कोटाम्बी स्टेडियम में तीन मैचों की सीरीज के दूसरे वनडे में कैरेबियाई टीम पर 115 रनों से जीत दर्ज की।

हेले मैथ्यूज ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा, आप वास्तव में 350 से अधिक रनों का पीछा करते हुए पारी खत्म नहीं करना चाहते। उनके बल्लेबाजों की तारीफ करें, उनके पास प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं जिन्होंने आगे बढ़कर काम किया है। हमें उन्हें थोड़ा और रोकना होगा और कुछ शुरूआती विकेट भी लेने होंगे। यह सीरीज हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हमें इस तथ्य पर ध्यान देना होगा कि एक और मैच बचा है। वे अंक हमारे लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं और हमें अच्छी स्थिति में ला सकते हैं (विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए)। टीम में योगदान देना अच्छा है। हारना थोड़ा



कड़वा है, लेकिन मैदान पर कुछ समय बिताना अच्छा है और उम्मीद है कि मैं अगले मैच में इसका फायदा उठा पाऊंगी।

# व्यापार



## स्टॉक मार्केट में क्रिसमस की छुट्टी, इस साल शेयर बाजार में कुल 16 दिन रहा अवकाश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** क्रिसमस के मौके पर घरेलू शेयर बाजार में बुधवार छुट्टी है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में कोई कारोबार नहीं होगा। इसके साथ ही करेंसी डेरिवेटिव्स, कमोडिटी डेरिवेटिव्स और इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसिप्ट्स (ईजीआर) में भी ट्रेडिंग नहीं होगी। इस साल शेयर बाजार में रविवार और शनिवार को छोड़कर कुल 16 दिन छुट्टी रही है। साल 2024 में स्टॉक मार्केट में पहली छुट्टी 26 जनवरी को थी, जबकि आज क्रिसमस के दिन आखिरी छुट्टी है।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के हॉली-डे कैलेंडर के मुताबिक अगले साल 2025 में स्टॉक मार्केट में गुरुवार को 14 दिनों का अवकाश रहेगा। 2025 में पहली छुट्टी 26र जनवरी की जगह महाशिवरात्रि



के मौके पर 26 फरवरी को होगी। आमतौर पर स्टॉक मार्केट में पहली छुट्टी गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी को होती है, लेकिन 2025 में गणतंत्र दिवस रविवार को है। उस दिन स्टॉक मार्केट में साप्ताहिक अवकाश होता है। यही वजह है कि स्टॉक मार्केट में अगले साल की पहली छुट्टी 26 फरवरी को होगी।

हालांकि 2025 का आखिरी अवकाश 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर ही होगा। 2025 में दिवाली के मौके पर होने वाले मुहूर्त ट्रेडिंग का आयोजन मंगलवार 21 अक्टूबर को होगा।

हालांकि बीएसई के कैलेंडर में मुहूर्त ट्रेडिंग के समय की जानकारी अभी नहीं दी गई है। इसकी जानकारी दिवाली के एक-दो दिन पहले बीएसई और एनएसई द्वारा दी जाएगी। जहां तक दिसंबर के शेष बचे दिनों की बात है तो इस सप्ताह क्रिसमस की छुट्टी के कारण कुल 4 दिन ही कारोबार होगा, जबकि अगले सप्ताह 30 और 31 दिसंबर को भी स्टॉक मार्केट में खरीद बिक्री होती रहेगी।

## सिनेमाघरों में बिकने वाले पॉपकॉर्न पर पांच फीसदी ही लगेगा जीएसटी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सिनेमा घरों में खुले रूप से बिकने वाले पॉपकॉर्न पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दर पांच फीसदी ही लागू होगा, जैसा कि रेस्टोरेंट सेवाओं पर लागू होता है। अगर पॉपकॉर्न को फिल्म टिकट के साथ बेचा जाता है, तो इसे एक समग्र आपूर्ति के रूप में माना जाएगा। चूंकि, इस मामले में मुख्य आपूर्ति टिकट है, इसलिए उसकी लागू दर के अनुसार कर लगाया जाएगा। इस बारे में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में स्पष्टीकरण दिया गया था।

आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को दी जानकारी में कहा कि नमक और मसालों वाले पॉपकॉर्न पर लागू वर्गीकरण और जीएसटी दर को स्पष्ट करने के लिए उत्तर प्रदेश से अनुरोध मिला था। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जैसलमेर में जीएसटी परिषद की




55वीं बैठक के बाद मीडिया को बताया था कि परिषद ने पॉपकॉर्न पर कर के संबंध में स्पष्टीकरण जारी करने पर सहमति जताई है। पॉपकॉर्न पर जीएसटी की दर में कोई वृद्धि और बदलाव नहीं किया गया है।

उल्लेखनीय है कि जीएसटी के तहत नमक और मसालों वाले पॉपकॉर्न को नमकीन के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जिसको खुले में बेचने पर 5 फीसदी का कर लगता है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था चालू और अगले वित्त वर्ष में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ेगी : ईवाई रिपोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष 2024-25 और अगले वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने की संभावना है। इसकी वजह निजी उपभोग व्यय और सकल स्थिर पूंजी निर्माण में गिरावट है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर अनुमान से कहीं कम 5.4 फीसदी रही है, जो सात तिमाहियों का सबसे निचला स्तर है। इससे पिछली तिमाही अप्रैल-जून तिमाही में वृद्धि दर 6.7 फीसदी थी।

ईवाई इकोनॉमी वॉच की बुधवार को जारी नवीनतम रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2047-48 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत के राजकोषीय दायित्व ढांचे में सुधार के महत्व पर भी




प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट में उन प्रमुख राजकोषीय और आर्थिक उपायों पर भी प्रकाश डाला गया है, जो इस वृद्धि प्रक्षेपवक्र को बनाए रख सकते हैं और बढ़ावा दे सकते हैं। ईवाई वॉच रिपोर्ट में कहा गया है कि टिकाऊ ऋण प्रबंधन, सरकारी बचत को खत्म करने तथा निवेश आधारित वृद्धि को बढ़ावा देने से भारत के विकसित अर्थव्यवस्था में बदलने का मार्ग प्रशस्त होगा।

ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी. के. श्रीवास्तव ने राजकोषीय उत्तरदायित्व तथा बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन भारत को राजकोषीय विवेक बनाए रखते हुए सतत विकास को आगे बढ़ाने में सक्षम बनाने के लिए जरूरी बताया है। अर्न्स्ट एंड यंग ग्लोबल लिमिटेड का ट्रेड नाम ए ईवाई है। ये इंग्लैंड में स्थित एक ब्रिटिशबहुराष्ट्रीय पेशेवर सेवा साझेदारी कंपनी है। ईवाई दुनिया के सबसे बड़े पेशेवर सेवा नेटवर्क में से एक है। डेलोइट, केपीएमजी और पीडब्ल्यूसी के साथ इसे बिग फोर अकाउंटिंग फर्मों में से एक माना जाता है।

# राजस्थान की प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर खुलेंगे "अटल ज्ञान केंद्र": मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## अटल जी तर्कसंगत और प्रमाणिकता के आधार पर देते थे वक्तव्य, विपक्ष भी मानता था लोहा: भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान





**जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी समारोह ''सुशासन दिवस'' के तौर पर मनाया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रद्धेय अटल जी की जीवनी पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ करने के बाद संगोष्ठी में शिरकत की। संगोष्ठी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अटल जी के शताब्दी वर्ष समारोह पर बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश के सभी ग्राम पंचायत स्तर पर ''अटल ज्ञान केंद्र'' की स्थापना करेगी। अटल ज्ञान केंद्र पर अटल प्रेरकों का भी चयन किया जाएगा और युवाओं को शिक्षा का माहौल उपलब्ध करवाने के लिए प्रत्येक केंद्र पर लाइब्रेरी के साथ ई-लाइब्रेरी भी बनाई जाएगी। सरकार 500 करोड़ की लागत से प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों पर इन केंद्रों को बनाएगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने मां भारती की सेवा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। राष्ट्र की मजबूती के लिए वे अपने नाम की तरह अटल रहे और देश के विकास के लिए देशभर में भ्रमण किया। उनका व्यक्तित्व समुद्र की तरह गहरा और आकाश की तरह विशाल था। अटल जी का वक्तव्य पक्ष ही नहीं विपक्ष भी गहनता से सुनता था क्योंकि वे तर्क संगत और प्रमाणिकता के आधार पर बोलते थे। अटल जी ने राष्ट्र को एक नई दिशा देने का कार्य किया, ऐसे में विरोधी भी उनका लौहा मानते थे। उन्होंने अपना ध्येय वाक्य सिर्फ ''सुशासन'' को बनाया। इस सुशासन के लिए उन्होंने दिन रात कार्य किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वर्तमान की राजनीतिक में अटल जी के आदर्शों की महती आवश्यकता है। अटल बिहारी वाजपेयी जी का व्यक्तित्व आज भारतीय राजनीति में सुचिता, सौम्यता, सुशासन, सहनशीलता की अवधारणा है। उन्होंने कहा कि मुझे भी श्रद्धेय अटल जी के सानिघ्य में कार्य करने का अवसर मिला। अटल जी एक कुशल नेता, संवेदनशील कवि, सजग देशभक्त और साधारण व्यक्तित्व के धनी थे। उनकी कविता ''टूटे हुए सपनों की कौन सुने सिसकी, अन्तर की चीर व्यथा पलकों पर ठिठकी, हार नहीं मानूंगा, रार नहीं ठानूंगा, काल के कपाल पे लिखता मिटाता हूं , गीत नया गाता हूं'' कार्यकर्ताओं में जोश भरने का कार्य करती है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने श्रद्धेय अटल जी के जीवन स्मरणों में से कुछ वृतांत बताते हुए कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के साथ मिलकर जनसंघ रूपी पौधे को वटवृक्ष बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। बतौर प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल जी ने अटल पेंशन, पीएम चतुर्भुज योजना, अंत्योदय योजना, पीएम सड़क योजना जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाओं को शुरू कर देश के विकास को नई गति प्रदान की। उन्होंने बताया कि अटल जी ने जब प्रधानमंत्री पद संभाला तो देश के आर्थिक हालात बदतर थे, लेकिन अटल जी की दूरगामी सोच और कुशल कार्य क्षमता के चलते देश की अस्थिरता को स्थिर किया और देश को विकास की ओर अग्रसर किया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी भारत को सुदृढ, शक्ति सम्पन्न और विकसित राष्ट्र के रूप में देखना चाहते थे, उनकी परिकल्पना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्ण कर रहे है।

राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने श्रद्धेय अटल जी के जीवन से जुड़े कुछ पहलुओं को सुनाते हुए कहा कि आज के दिन ही 1924 में एक महामानव का अवतरण हुआ। अटल जी ने हमेशा अपने जीवन में ''छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता, टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता'' का मूल मंत्र बनाए रखा और कार्यकर्ताओं को भी यह मूल मंत्र दिया। राजस्थान के लिए गडरा आंदोलन में अटल जी की सादगी और विनम्रता देखने को मिली। गडरा आंदोलन के दौरान एक 8 बाय 8 के कमरे में रात गुजारने वाले अटल जी ने सर्वमान्य नेता के तौर पर रानजीति की। उदार ह्दय के नेता अटल जी के जीवन आदर्शों को हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने एक वृतांत सुनाते हुए कहा कि देश में चीनी की कमी के दौरान विदेशों से चीनी लाई जा रही थी। इसी दौरान राजीव गांधी ने विदेशी महिला से शादी की तो अटल जी ने यहां तक कह दिया था कि आज कल स्वदेशी की जगह, विदेशी अच्छी लग रही है चीनी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि शुचिता की राजनीति और विचार की राजनीति क्या होती है यह अटल जी के जीवन से सीखने को मिल सकती है। अटल जी ने प्रधानमंत्री रहते हुए परमाणु चमक से दुनिया में नई पहचान दिलाई तो प्रत्येक ग्राम तक सड़क योजना शुरू कर ग्रामीणों के जीवन में गति प्रदान करने का कार्य किया। वहीं नदी से नदी जोड़ो योजना को आगे बढ़ाते हुए आज के भागीरथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पीकेसी ईआरसीपी योजना का शिलान्यास करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अटल जी के अंत्योदय योजना को धरातल पर मूर्त रूप प्रदान करते हुए समाज के अंतिम पंक्ति के वंचित लोगों तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाने का कार्य किया है। संगोष्ठी कार्यक्रम में मंच पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ प्रेम चंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, जोगाराम पटेल, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, जयपुर शहर अध्यक्ष राघव शर्मा, जयपुर देहात दक्षिण अध्यक्ष राजेश गुर्जर उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने धन्यवाद ज्ञापित किया और मंच संचालन भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### बाल पाठशाला में वितरण किये गर्म कपड़े




**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)।** विजय नगर कॉलोनी हीरादास स्थित फाउंडर दिगंबर सिंह द्वारा निशुल्क संचालित बाल पाठशाला में क्रिसमस डे के अवसर पर योगेंद्र स्नेही अध्यापक बहरा रेखपुरा द्वारा पाठशाला पधार कर सभी जरूरतमंद बच्चों को जर्सी, टोपे, जुराब आदि वितरण कर अवलोकन किया और बहुत ही खुशी महसूस हुई तथा मन प्रसन्न हुआ यहाँ आकर नन्हें मुन्ने देश के भविष्य को मन लगाकर पढ़ते हुए देखकर और यहाँ की व्यवस्था को देखकर मन गदगद हुआ औरबच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर विचार प्रकाश डाला तथा समिति अध्यक्ष वीरपाल सिंह एवं संरक्षक प्रेम सिंह अध्यापक द्वारा धन्यवाद प्रकट किया जिस अवसर पर देवेंद्र सिंह अध्यापक संदीप सिंह पूनम कुमारी दिया कुमारी सौरभ कुमार आदि उपस्थित रहे।

### लूट व फायरिंग के मामलें में फरार पांच हजार का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

- गिरफ्तार आरोपी पर मारपीट कर लूट व फायरिंग के करीब आधा दर्जन मामलें दर्ज

**चमकता राजस्थान। नदबई, (राजवीर सिंह)।** पुलिस ने लूट व फायरिंग के मामलें में करीब छह माह से फरार पांच हजार के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया। एएसआई योगेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने लुहासा निवासी भुवनेश जाट पुत्र ओमकार को नदबई-लुहसा बाईपास से गिरफ्तार किया। इससे पहले आरोपी ने पुलिस को देख, भागने का प्रयास किया। बाद में पुलिस टीम ने खेत में पीछा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया।




गौरतलब है कि, 8 जुलाई 2024 की रात गिरफ्तार आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर दो बाइक सवार लोगों को रोकते हुए मारपीट कर लूट की घटना को अंजाम दिया। बाद में नाथू का नगला निवासी सुखबिंदर सिंह पुत्र हरिचंद ने गिरफ्तार आरोपी सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कराया। आरोपी का सुराग नही लगने व लूट-चोरी व फायरिंग के करीब आधा दर्जन मामलों में वांछित होने के चलते पुलिस अधीक्षक ने पांच हजार का ईनाम घोषित किया। बाद में पुलिस ने आरोपी को नदबई लुहासा बाईपास से गिरफ्तार किया।

## सुशासन दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम, अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि

चमकता राजस्थान




**धौलपुर रामदास तरुण । धौलपुर, 25 दिसंबर 2024:** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर के गांधी पार्क में जिला स्तरीय सुशासन दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे व्यक्तित्व के धनी थे जिन्होंने देश के विकास में अमूल्य योगदान दिया। उन्होंने आधारभूत अवसंरचना के विकास सहित कई योजनाओं को मूर्त रूप दिया, जो आज भी देशवासियों को लाभान्वित कर रही हैं। जिला कलक्टर ने लोक सेवकों का कर्तव्य बताया कि वे जनकल्याण हेतु सुशासन के सिद्धांतों पर काम करें, और सरकार तथा आम जनता के बीच के अंतर को खत्म करें। उन्होंने वाजपेयी जी के आदर्शों और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया, ताकि हम अपने कार्यों से देश की प्रगति में योगदान दे सकें। इस मौके पर जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन की शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम के दौरान अन्य वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के संस्मरण साझा किए और उनके सादगी, विद्वता, तपस्विता और देश के प्रति समर्पण भाव को याद किया। अटल जी की कविताओं का पाठ भी किया गया, जिनमें 'हार नहीं मानूँगा, रार नहीं ठानूंगा' और ₹काल के कपाल पर लिखता मिटाता हूँ' जैसे शब्दों से कार्यक्रम का माहौल गूंज उठा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत गांधी पार्क से कलेक्ट्रेट परिसर तक एक रैली भी निकाली गई, जिसे जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, विद्यालयी छात्र-छात्राएं, राजकीय पीजी कॉलेज के स्काउट्स एवं गाइड्स ने भाग लिया। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद ए एन सोमनाथ, उपखंड अधिकारी साधना शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर, भाजपा नेता डॉ. शिवचरण कुशवाह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और शिक्षाविद भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर किया नमन



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सेवा और सुशासन की प्रतिमूर्ति, देश के पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर नमन किया साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जयंती के उपलक्ष में भाजपा प्रदेश कार्यालय पर अटल जी की जीवनी पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन कर जनशताब्दी समारोह में भाग लिया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राज्य सरकार द्वारा 550 करोड़ की लागत से अटल ज्ञान केंद्र, अटल प्रेरक एवं ई लाइब्रेरी आदि की बनाने की घोषणा की गई।

सुशासन दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ मंत्रीगण, जनप्रतिनिधिगण, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शीतलहर के चलते राजधानी जयपुर में अमृत ग्रुप द्वारा जूते-कंबल वितरण किए गए

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** शीतलहर के चलते राजधानी जयपुर में अमृत ग्रुप द्वारा जूते-कंबल वितरण किए गए,समाजसेवी राजन सरदार ने बताया जयपुर में बढ़ती सर्दी के चलते जरूरतमंद लोगों को कंबल व गर्म जूते बांटे गए , इस मौके पर तुलसी त्रिलोकनी ,यशवंत सिंह, दीवीशा,जितेन्द्र सिंह, वानी, नंदिनी, मीना, मलिंगा व समस्त अमृत ग्रुप मौजूद रहा।



## गृह मंत्री के आंबेडकर पर दिए बयान का विरोध: भेदभाव-छुआछूत मुक्त राजस्थान अभियान ने की इस्तीफे की मांग

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी)।** जयपुर। गृहमंत्री अमित शाह की ओर से डॉ. भीमराव आंबेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोध में आज जयपुर के अल्बर्ट हॉल पर भेदभाव-छुआछूत मुक्त राजस्थान अभियान की ओर से सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया गया। अभियान की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त जिला कलेक्ट प्रथम जयपुर विनीता सिंह से मुलाकात कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर केंद्रीय मंत्री अमित शाह को तत्काल पद से हटाने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों में भीमराव अंबेडकर की तस्वीर और नारे लिखी हुई तख्तियां भी ले रखी थी। अभियान की ओर ज्ञापन में कहा गया कि संसद के पवित्र सदन में माननीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के संदर्भ में दिया यह बयान न केवल आपत्तिजनक है, बल्कि यह भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर के प्रति गंभीर अनादर और समाज के वंचित वर्गों के प्रति अपमान को दर्शाता है। देश भर में लोकतंत्र और संविधान में आस्था रखने वाले हम भारत के लोग गृह मंत्री के इस आपत्तिजनक बयान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए गृह मंत्री से मांग करते है कि वे डॉ. आंबेडकर पर दिए गए इस बयान पर सार्वजनिक माफी मांगे और अपने पद से इस्तीफा दे। अभियान की ओर से कहा गया कि अमित शाह द्वारा दिया गया यह बयान अनुसूचित जाति अनुसूचित जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 संशोधित अधिनियम 2015 की धारा 3(i)(फ) का भी उल्लंघन है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929